आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 7 दिसंबर 2025 ■ पौष कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-248 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 8 दिसंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### स्मृति मंधाना की पलाश मुच्छल से टूट गई शादी

**नई दिल्ली,7 दिसंबर।** भारतीय महिला टीम की स्टार बैटर स्मृति मंधाना ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चल रही अटकलों पर आखिरकार चुप्पी तोड़ दी है. मंधाना ने कहा कि उनका पलाश मुच्छल के साथ रिश्ता खत्म हो गई. यानी उनकी शादी टूट गई है. मंधाना ने सोशल मीडिया पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस बात की पुष्टि की. मंधाना ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'पिछले कुछ हफ्तों से मेरी जिंदगी को लेकर कई तरह की बातें कही जा रही हैं. मैं बहुत निजी स्वभाव की हूं और अपनी प्राइवेट लाइफ को निजी ही रखना चाहती हूं, लेकिन अब यह बताना जरूरी है कि शादी अब रद्द हो चुकी है. मैं चाहती हूं कि यह मामला यहीं खत्म हो जाए. आप सभी से निवेदन है कि दोनों परिवारों की प्राइवेसी का सम्मान करें और हमें समय दें, ताकि हम इस परिस्थिति से निकल सकें और आगे बढ़ सकें. मंधाना ने अपने करियर को ही अपनी प्राथमिकता बताया. मंधाना ने लिखा, 'मेरा मानना है कि हम सभी को एक ऊंची ताकत दिशा दे रही है. मेरे लिए वह हमेशा भारत का प्रतिनिधित्व करना रहा है. मैं जितना लंबे समय तक संभव हो सके, अपने देश के लिए खेलना और ट्रॉफियां जीतना चाहती हूं. मेरा पूरा ध्यान उसी पर रहेगा.'

### राहुल गांधी ने किरेन रिजिजू को 'जूडो लड़ने' का ऑफर दिया

**नई दिल्ली,7 दिसंबर।** संसद के शीतकालीन सत्र में एसआईआर और वोट चोरी पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लोकसभा में मचे घमासामन के बीच नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किरेन रिजिजू को 'जूडो लड़ने' का ऑफर दिया है। कांग्रेस सांसद ने किरेन रिजिजू से कहा कि मेरे घर आइए, साथ में एक्सरसाइज करेंगे और जूडो लड़ेंगे। राहुल गांधी के इस ऑफर का किरेन रिजिजू ने भी मजेदार जवाब दिया। दोनों के बीच हंसी और मजाक का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल मौका था डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का। दोनों नेता 6 दिसंबर को संसद में डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। जैसे ही दोनों आस-पास से गुजरे तो एक दूसरे को देखकर मुस्कुराए और मजाक करने लगे। पहले तो दोनों नेता एक-दूसरे को देखकर दूर से मुस्कुराए। फिर राहुल गांधी आगे बढ़े और किरेन रिजिजू से हाथ मिलाया। ऐसा लगा कोई पुराने दोस्त सालों बाद मुलाकात कर रहे हों। फिर बात शुरू हुई। रिजिजू ने हंसते हुए कहा- मैं थोड़ा डर गया' इस दौरान राहुल गांधी के साथ कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला और उदित राज भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'मेरे घर आइए, साथ में एक्सरसाइज करेंगे और जूड़ो लड़ेंगे। तो फिर रिजिजू ने कहा कि मुझे जूडो से डर लगता है। दोनों के बीच मजाक भरे लहजे के बीच तंज कसने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

### हत्या के आरोपों के बीच10 दिन बाद कब्र खोदकर निकाला गया शव

**बिलासपुर,7 दिसंबर।** लव मैरिज के 5 साल बाद विवाहिता की घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पति ने उसके घर वालों को दी और उनकी मौजूदगी में विवाहिता का अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार के बाद विवाहिता के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की। दफन करने के 10 दिन बाद पुलिस ने अफसरों की मौजूदगी में कब्र खोदकर शव बाहर निकाला गया.



# गोवा के नाइट क्लब में भीषण आग, 23 की मौत

**पणजी,7 दिसंबर।** गोवा के पर्यटन क्षेत्र अरपोरा में देर रात एक दर्दनाक हादसा तब हुआ, जब रेस्टोरेंट-कम-नाइट क्लब में एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट से भीषण आग लग गई। हादसा इतना भयानक था कि कई लोग सुरक्षित बाहर निकल भी नहीं पाए। घटना में 23 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 20 की जान दम घुटने से गई, जबकि तीन लोग आग में जलकर मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब 12 बजे किचन एरिया में सिलेंडर फटने से तेज धमाका हुआ। कुछ ही सेकंड में आग ने पूरे किचन को अपनी चपेट में ले लिया और तेजी से धुआं बेसमेंट तक फैल गया।हादसे के दौरान क्लब का बेसमेंट कर्मचारियों से भरा हुआ था। जैसे ही आग लगी, भगदड़ मच गई और लोग बाहर की ओर भागने के बजाय बेसमेंट में नीचे उतर गए, जहां पहले ही घना धुआं फैल चुका था। इससे ज्यादातर लोगों की मौत दम घुटने से हो गई।गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि 23 मृतकों में से तीन लोग जलने से मारे गए, जबकि बाकी की मौत धुआं भरने की वजह से हुई। सीएम ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

स्थानीय विधायक माइकल लोबो ने घटना को गंभीर लापरवाही का नतीजा बताते हुए राज्य के सभी क्लबों का फायर सेफ्टी ऑडिट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएँ अब बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।गोवा पुलिस के डीजीपी आलोक कुमार ने बताया कि 12:04 बजे कंट्रोल रूम को आग की सूचना मिली। तुरंत फायर ब्रिगेड, पुलिस और एंबुलेंस मौके पर भेजी गईं। कई घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी शवों को बाहर निकाला गया और उन्हें बांबोलिम मेडिकल कॉलेज भेजा गया।राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित यह क्लब पिछले साल ही खोला गया था और कम समय में पार्टी हॉटस्पॉट बन चुका था।

### सीएम साय ने जताया शोक

गोवा के अरपोरा में स्थित एक नाइटक्लब में भीषण आगजनी की घटना में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। वही इस हादसे पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मुआवजे की घोषणा की थी।

### अभिनेता धर्मेंद्र की तेरहवीं में 10 हजार लोग हुए शामिल

**मथुरा,7 दिसंबर।** सिनेमा जगत में 'ही-मैन' के नाम से मशहूर दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद शनिवार को मथुरा जिले के एक गांव में उनकी तेरहवीं का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 10 हजार लोग शामिल हुए। इस मौके पर हवन, शांतिपाठ आदि का आयोजन कर अपने प्रिय हीरो को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी बहुचर्चित फिल्म 'शोले' का एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शन किया गया। ब्रह्मभोज के आयोजकों में से एक बचपन से धर्मेंद्र के प्रशंसक रहे बलदेव क्षेत्र के गांव सेलखेड़ा निवासी गोपाल सिंह पहलवान और लाखन सिंह ने बताया कि वे सभी उनके बड़े चहेते थे। उनके निधन से पूरे गांव को ही बहुत दुख हुआ है। वे सभी उन्हें भी एक प्रकार से अपने परिवार का ही सदस्य मानते थे, इसीलिए उन्होंने उनके प्रति अपना आदर और श्रद्धा जाहिर करने के लिए निधन के तेरहवें दिन तेरहवीं की रस्म निभाने की ठानी।

# खड़े ट्रेलर से टकराई कार,5 की मृत्यु



**जशपुर,7 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। एनएच-43 पतराटोली के पास एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना दुलदुला थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि कार कुनकुरी से जशपुर की ओर आ रही थी, तभी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक जशपुर जिले के चराईडांड़ इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे और शवों को वाहन से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जाएगी। दुलदुला थाना प्रभारी के.के. साहू ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की पहचान के लिए परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। सभी मृतक एक ही गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

# भारत बन रहा प्रमुख विकास इंजन: मोदी

## वैश्विक अर्थव्यवस्था की पटरी पर बढ़ी रफ्तार

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर।** नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के "ग्लोबल ग्रोथ इंजन" के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री के अनुसार चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8 प्रतिशत से अधिक रही, जबकि वैश्विक वृद्धि लगभग 3 प्रतिशत और जी-7 देशों की वृद्धि दर करीब 1 से 1.5 प्रतिशत के बीच रही। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस समय "हाई ग्रोथ और लो इन्फ्लेशन" का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की प्रगति का आधार देश की क्षमता, संकल्प और चुनौतियों का समाधान खोजने की योग्यता है। उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस उन क्षेत्रों और समूहों पर है जिनकी क्षमता का दशकों तक पर्याप्त उपयोग नहीं हो सका, जैसे पूर्वी भारत, उत्तर-पूर्व, छोटे शहर, महिलाएं, युवा और अंतरिक्ष क्षेत्र। वर्ष 2025 को उन्होंने सुधारों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए नई पीढ़ी के जीएसटी ढांचे और नए डायरेक्ट टैक्स सिस्टम का उल्लेख किया, जिसके तहत लगभग 12 लाख रुपये तक की आय पर कर देनदारी समाप्त हो गई है। ऊर्जा, उद्योग और भरोसे-आधारित शासन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि 2014 में देश की सौर ऊर्जा क्षमता करीब 3 गीगावॉट थी,अब 130 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत वाराणसी में 26,000 से अधिक घरों में सोलर रूफटॉप लगाए गए हैं और मोबाइल फोन उद्योग में आयात-निर्भरता लगभग समाप्त हो चुकी है, जिससे भारत महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरा है।



### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**बिलासपुर,7 दिसंबर।** रायपुर नेशनल हाईवे-130 पर तेज रफ्तार और लापरवाही का खौफनाक सिलसिला जारी है, जहां बीती रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो निर्दोष युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पहला हादसा भोजपुरी टोल प्लाज़ा के पास हुआ, जिसमें साँवाताल के कोटवार रविदास अपनी मोटरसाइकिल से घर लौटते समय किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की भीषण टक्कर का शिकार हो गए और उनकी तुरंत मौत हो गई। दूसरा हादसा पेंड्रीडीह बाईपास स्थित अमसेना चौक पर दर्ज हुआ, जहां कोलडिपो में काम करने वाला झलफा निवासी शोएब खान घर लौटते समय एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और गंभीर चोटों के कारण उसने भी घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

# आयकर छापा: कारोबारियों के ठिकानों से सात करोड़ रुपये बरामद, 18 लॉकर भी मिले

रायपुर,7 दिसंबर। स्टील कारोबार से जुड़े कारोबारियों पर आयकर विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। शहर के अलग-अलग इलाकों में छापे मारे गए, जिसमें आइटी अफसरों को करीब सात करोड़ रुपये नकद, 18 बैंक लॉकर और जमीन के दस्तावेज मिले हैं। छापों का दायरा 40 से बढ़कर 45 ठिकानों तक पहुंच गया है। सूत्रों के मुताबिक, विभाग ने पांच नए ठिकानों पर भी सर्च वारंट जारी कर दिया। रायपुर के सिलतरा में देवी स्पंज, ओम स्पंज और हिंदुस्तान क्वाइल में दबिश दी गई। अब तक विभाग ने छापों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इधर सूत्रों के अनुसार, राजधानी में आयकर अधिकारी कंप्यूटर हार्ड डिस्क, लेनदेन रजिस्टर और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच में लगे हैं। रायपुर के आनंदम निवासी विनोद सिंगला, रवि बजाज के घरों में भी आयकर ने छापा मारा है। दोनों एमएस पाइप निर्माण फैक्ट्री इस्पात इंडिया सिलतरा से जुड़े हैं। टीमों ने सभी फाइनेंशियल रिकॉर्ड, जमीन सौदों से जुड़े दस्तावेज और ट्रांजैक्शन (लेनदेन) की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई टैक्स चोरी की शिकायतों के आधार पर की गई है। पिछले तीन से पांच वर्षों के आयकर रिटर्न में बड़े अंतर को लेकर यह दबिश दी गई है। इन स्टील प्लांट के संचालक मैग्नेटो माल के पीछे सिग्नेचर होम में निवासरत हैं। प्लांट के संचालक विकास अग्रवाल, विपिन अग्रवाल और अरविंद अग्रवाल बताए गए हैं। वे रियल एस्टेट कारोबार से भी जुड़े बताए जाते हैं। कारोबारियों के सीए के यहां भी आयकर टीम पहुंची। रायगढ़ के प्रतीक गोयल के यहां भी आयकर टीम पड़ताल में लगी है। गुरुवार को टैक्स चोरी, बोगस बिलिंग और आय छिपाने की शिकायतों के आधार पर आयकर विभाग की करीब 200 अफसरों और कर्मचारियों की टीम ने राजधानी के कई आवासीय इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों में छापेमारी शुरू की थी। पहले दिन ही अफसरों ने कंप्यूटर हार्ड डिस्क, कैश बुक, लेनदेन रजिस्टर और संपत्ति के कागजात खंगालने शुरू कर दिए थे। जांच के दौरान कुछ और व्यक्तियों और फर्मों के नाम सामने आए, जिसके बाद विभाग ने अतिरिक्त पांच स्थानों पर भी दबिश दी। छापे के दौरान अधिकारियों को करोड़ों रुपये की फर्जी (बोगस) बिलिंग से जुड़े कागजात और लूज पेपर भी मिले हैं। इन बिलों पर दूसरे राज्यों के कारोबारियों और फर्मों के नामों का उपयोग किया गया है। आयकर विभाग अब उन फर्मों और व्यक्तियों को भी जांच के दायरे में ला रहा है, जिनके नाम से ये बिल जारी किए गए थे। सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग को शुरुआती जांच में पता चला है कि कई कारोबारियों ने अपनी अघोषित आय को प्रापर्टी में निवेश कर रखा है। रिटर्न में गड़बड़ी, कम आय दिखाना, जमीन-जायदाद की वास्तविक कीमत छिपाने जैसे कई साक्ष्य मिले हैं। अब विभाग सभी प्रापर्टी पेपर, खरीद-फरोख्त के दस्तावेज और आय के स्रोत की बारीकी से जांच कर रहा है।

# एयर इंडिया ने यात्रियों को सस्ता टिकट और फ्री सीट अपग्रेड की सुविधा दी

**नई दिल्ली,7 दिसंबर।** केंद्र सरकार की सख्ती और वीकली रेस्ट का आदेश वापस लेने के बाद भी इंडिगो में संकट जारी है। आज इंडिगो की 350 से अधिक फ्लाइट्स रद्द हो चुकी है। इंडिगो क्राइसिस के बीच एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने फ्लाइट यात्रियों को गुड न्यूज दी है। फंसे यात्रियों की मदद के लिए एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने बड़े कदम उठाने की घोषणा की है। एअर इंडिया ने यात्रियों को सस्ता टिकट और फ्री सीट अपग्रेड की सुविधा दी है। फंसे हुए यात्रियों को राहत देने के लिए एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने टिकट रीशेड्यूलिंग और कैंसिलेशन शुल्क में बड़ी छूट दी है।




एअर इंडिया की ओर से बताया गया कि 4 दिसंबर से घरेलू नॉन-स्टॉप उड़ानों की इकोनॉमी क्लास पर किराए की एक तय सीमा लागू कर दी गई है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि ऑटोमेटेड प्राइसिंग सिस्टम की वजह से अचानक मांग बढ़ने पर टिकट दरें आसमान न छूने लगें। साथ ही, एअर इंडिया और अन्य एयरलाइनें नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 6 दिसंबर को जारी किए गए नए किराया नियमों का पालन भी कर रही हैं।फंसे हुए यात्रियों को राहत देने के लिए एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने टिकट रीशेड्यूलिंग और कैंसिलेशन शुल्क में बड़ी छूट दी है। जिन यात्रियों ने 4 दिसंबर तक किसी भी एयरलाइन से 15 दिसंबर तक की यात्रा के लिए टिकट बुक की थी, वे बिना रीशेड्यूलिंग फीस के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं। चाहें तो वे बिना कैंसिलेशन चार्ज के टिकट रद्द कर पूरा रिफंड भी प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा एक बार ही लागू होगी और केवल 8 दिसंबर तक किए गए बदलावों या कैंसिलेशन पर ही मान्य रहेगी। अगर नया किराया पहले से अधिक है तो यात्रियों को केवल किराए का अंतर देना होगा।

### 14.60 लाख लूट की कहानी फर्जी निकली

**दुर्ग,7 दिसंबर।** हिताची कंपनी के एटीएम में कैश लोडिंग वर्कर द्वारा 14 लाख 60 हजार रुपए की कथित लूट की कहानी पूरी तरह मनगढ़ंत निकली। दुर्ग पुलिस ने शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि प्रार्थी ने स्वयं ही फर्जी लूट की कहानी रची थी। पूछताछ में सच सामने आने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर अपराध दर्ज कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी आईपीएस विजय अग्रवाल, एएसपी शहर सुखनंदन राठौर और कुम्हारी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गए थे। प्रारंभिक जांच में ही पुलिस को कई बिंदुओं पर संदेह हुआ और बाद में पूरा मामला फर्जी साबित हो गया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि 6 दिसंबर की शाम करीब साढ़े 7 बजे कुम्हारी पुलिस को कपसदा गांव में ग्लोबल स्कूल के पास 14.60 लाख रुपए से भरे बैग की लूट की सूचना मिली थी। प्रार्थी आशीष राठौर (34 वर्ष), निवासी चरोदा, हिताची कंपनी के एटीएम में कैश लोडिंग करने वाली एजेंसी का वर्कर है। उसने दावा किया था कि नेहरू नगर से कैश लेकर अपने भांजे मनीष राठौर के साथ रायपुर और दुर्ग के एटीएमों में लोडिंग के लिए जा रहा था। इसी दौरान तीन अज्ञात युवकों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर चाकू की नोक पर कैश से भरा बैग लूट लिया। लेकिन घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को कई तथ्य संदिग्ध लगे। आशीष ने बताया कि मोटरसाइकिल गिर गई थी, जबकि उसके शरीर या वाहन पर खरोंच तक नहीं मिली। साथ ही घटनास्थल पर उसका भांजा भी मौजूद नहीं था।

# सुपारी लेकर बनाई थी हमर राज पार्टी जिला अध्यक्ष पर हमले की योजना

**बालोद,7 दिसंबर।** आखिरकार हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष के कार जलाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. दरअसल, सुपारी लेकर जिला अध्यक्ष पर हमले की साजिश थी, लेकिन घर पर कैमरा लगा होने की वजह से आरोपी कार पर आग लगाकर ही निकल गए. पुलिस ने मामले की जांच के बाद 5 आदतन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

इसके साथ ही सुपारी देने वालों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है. दरअसल, एक दिसंबर 2025 को बुढ़ापारा वार्ड निवासी देवेन्द्र साहू के घर के समीप रखे कार को अज्ञात आरोपियों ने आग लगा दी थी. मामले में देवेन्द्र साहू की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 527/2025 धारा 326(जी),3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया. प्रकरण की जांच के दौरान संदेही अनिकेत मेश्राम, सूरज रंगारी, दानेश्वर साहू, अभिषेक चौरे, मोहम्मद फैजान से



पूछताछ की गई. पता चला कि बालोद जेल में निरूध्द रहने के दौरान मोहम्मद फैजान की अश्वनी डडसेना से मुलाकात हुई. अश्वनी डडसेना ने ग्राम पाररास निवासी देवेन्द्र साहू से जमीन विवाद का जिक्र करते हुए उसे जान से मारने पर पैसा देने की बात कही थी. जेल से रिहा होने के बाद फैजान फोन पर चर्चा में अश्वनी डडसेना ने कहा कि देवेन्द्र साहू के हड्डी टूटते तक मारना है, और उसका वीडियो मुझे दिखाना, तब रिकु उर्फ श्यामु यादव उसकी पत्नी से पैसा लेकर देगा. साथ में जमीन खरीद कर देने की बात कहते हुए रिंकू यादव का फोन नंबर दिया.फैजान ने योजना में अपने दल्लीराजहरा के दोस्त अनिकेत मेश्राम, सूरज रंगारी, दानेश्वर साहू को शामिल किया. इसके बाद रिंकू यादव ने फैजान को 7,000 रूपए एडवांस दिया, वहीं अश्वनी डडसेना के लिए खाने-पीने के सामान लाने वाले अभिषेक चौरे ने आरोपियों को देवेन्द्र साहू का घर व ऑफिस दिखाया था. आरोपियों ने देवेन्द्र साहू के घर जाकर आवाज देकर उन्हे घर से बाहर गेट पर बुलाया और बात किया. आरोपियों ने घर में सीसीटीवी कैमरे को लगा देखकर मारने की हिम्मत नहीं किए और वापस चले गए. इस बात की जानकारी फैजान के देने पर अश्वनी ने गाड़ी में आग लगाने की बात कहने पर उसरकी गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगा दिया. मामले का इस तरह से खुलासा होने पर आरोपियों द्वारा संगठित अपराध घटित करने से प्रकरण में धारा 111, 62(1) जोड़कर गिरफ्तार ककर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है. आरोपियों में अनिकेत मेश्राम पिता सुनील मेश्राम (19 वर्ष), सूरज रंगारी पति दिलीप रंगारी (19 वर्ष), दानेश्वर साहू पिता स्व. तरूण कुमार साहू (22 वर्ष), मोहम्मद फैजान पिता स्व. अब्दुल रहीम (21 वर्ष) और अभिषेक चौरे पिता अशोक चौरे (22 वर्ष) को गिरफ्तार किया है.

# बीएसपी के डीआईसी से मिले देवेंद्र यादव, विभिन्न मुद्दों पर हुई बातचीत

## रिटेंशन स्कीम से आबंटित आवास, मिनिमम वेज, टाउनशिप मार्केट के लीज नवीनीकरण, सेक्टर-9 हॉस्पिटल के निजीकरण पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 दिसम्बर।** विधायक नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आज बीएसपी डायरेक्टर इंचार्च सी आर महापात्र से मुलाकात की।

विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि जिस तरीके ने बीएसपी द्वारा टाउनशिप के रिटेंशन स्कीम के तहत निवासरत आमजन को नोटिस देकर घर के किराए में वृद्धि की जा रही है वो अमानवीय है। प्रबंधन को इस विषय में पुनः संज्ञान लेना चाहिए और इसपर रोक लगानी चाहिए साथ ही प्रभावितों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर इस पर निर्णय लेना चाहिए।

### प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों और वर्करों को मिले मिनिमम वेज

विधायक देवेंद्र ने स्पष्ट रूप से कहा कि रिवर्स बिडिंग बंद होनी चाहिए और जो निर्धारित दर है उसका भुगतान समय पर वर्करों को मिलना चाहिए जिस पर डीआईसी ने सहमति जताई है और कहा है कि जल्द ही बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया जाएगा।



बीएसपी टाउनशिप के मार्केट की दुकानों के लीज के विषय में हो निराकरण, जब तक निराकरण नहीं तब तक न हो कार्यवाही। भिलाई टाउनशिप के व्यापारियों द्वारा लगातार लीज नवीनीकरण की मांग की जा रही है, जिस पर आज विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस विषय में जल्द से जल्द निराकरण निकाला जाए और जब तक निराकरण पूर्ण न हो तब तक बीएसपी प्रबंधन द्वारा किसी भी आबंटित दुकान में कोई कार्यवाही न हो।

### सेक्टर-9 हॉस्पिटल का न हो निजीकरण, 50 हजार सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी का रखा जाए ख्याल

विधायक देवेंद्र ने कहा कि सेक्टर 9 अस्पताल में आश्रित 50 हजार कर्मचारी अधिकारी का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाए और इस तरीके से सेक्टर 9 हॉस्पिटल के निजीकरण की बातें सामने आ रही है उसे पर विधायक ने कहा कि निजीकरण की ओर भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन बिल्कुल न सोचे अन्यथा हम गांधी वादी तरीके से इसका विरोध करेंगे। सेक्टर एरिया में स्थित आवासीय बस्तियों को नोटिस देने के संबंध में बातचीत हुई और यह तय किया गया कि जब तक निवासरत आवासियों को मकान आवंटित नहीं हो जाता तब तक उन्हें बेदखली की कार्रवाई न किया जाए, विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में भी बातचीत की गई।

## समाचार संक्षेप

### अग्निवीर में चयन के बाद ग्राम पहुंचे निलेश का ग्रामीणों ने किया स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 दिसम्बर।** आज ग्राम निपानी में निलेश सिन्हा पिता देवनारायण सिन्हा का अग्नि वीर थल सेना में चयन उपरांत आज ट्रेनिंग प्राप्त कर गृह ग्राम निपानी प्रथम आगमन पर भव्य रूप से देश भक्ति गीतों के साथ झूमते हुए स्वागत किया गया जिसमें मुख्य रूप से हमारे ग्राम निपानी के प्रबुद्धजन के साथ साथ रवि सिन्हा जी सभापति जनपद पंचायत पाटन, राजेश ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत निपानी खोमन सिन्हा पूर्व युवा मंच अध्यक्ष कलार समाज पाटन मंडल, हरीश सिन्हा कोषाध्यक्ष ग्राम समाज, कंवल सिन्हा, पवन सिन्हा, नीलमणि सिन्हा, जयप्रकाश सिन्हा, मनोज सिन्हा, डीकेश सिन्हा, भीषम सिन्हा, टिकेंद्र सिन्हा, सोनिया सिन्हा, दुष्यंत सिन्हा, रमेश साहू, कालिम खान, खम्मन ठाकुर, महेश साहू, रामनारायण, तखत सिन्हा, ऐश्वर्य ठाकुर कोटवार, गजेंद्र सिंहा, सालिक साहू सुपेला, साथ ही उनके मित्रगण रामेश्वर बंजारे, डाकेश्वर ठाकुर, नितेश यादव, मोहित सारथी, गुलशन सोनकर, गुलशन यादव, दानेश्वर नेताम, चूरामन यादव, मुकेश यादव, व उनके दादा दादी कमला सिन्हा पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत निपानी, कंवल सिन्हा जी व उनके चाचा डॉ रेखराम सिन्हा पूर्व पाटन मंडल कलार समाज कोषाध्यक्ष अन्य ग्रामवासी बंधु उपस्थित रहे।

### फैक्ट्री से आठ लाख के कॉपर क्वाइल चोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 दिसम्बर।** ग्राम रसमड़ा चौकी अंजोरा स्थित जेडी स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से अज्ञात आरोपियों ने प्लांट में रखे ट्रांसफार्मर के कॉपर क्वाईल की चोरी कर ली। चोरी गए कॉपर क्वाईल की कीमत 8 लाख रुपए आंकी गई है प्रार्थी की शिकायत पर अंजोरा चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अजीत सिंह जेडी स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड रसमड़ा में प्लांट इंचार्ज के पद पर पदस्थ है उसने शिकायत दर्ज कराई है कि चार-पांच दिसंबर की दरमियानी रात अज्ञात आरोपियों ने प्लांट में रखे ट्रांसफार्मर के कॉपर क्वाईल की चोरी कर ली है जेडी प्लांट में निर्माण का कार्य चल रहा है जिसके लिए 33 केवी का ट्रांसफार्मर मंगवाकर प्लांट में रखा गया था रात के समय गार्ड ड्यूटी पर थे आधी रात को कुछ लोग गार्ड को देखकर वहां से भागे पास जाकर जब देखा गया तो प्लांट में रखे 33 केवी के ट्रांसफार्मर खुली अवस्था में पड़ा हुआ था और कॉपर क्वाईल एवं अन्य सामानों की चोरी आरोपियों ने कर ली थी।

## एक नजर

### चाकू लहरा कर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चाकू लहराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दशहरा मैदान संजय नगर सुपेला में लोहे का चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहे युवक को सुपेला थाने पुलिस ने पकड़ा है पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम मिनीमाता चौक सुपेला निवासी राज कुमार देशलहरे बताया है युवक के पास से पुलिस ने धारदार मूठ लगा हुआ चाकू जब्त किया गया।

### रेलवे ट्रैक पार कर रही महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**भिलाई, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चरोदा जीआरपी चौकी क्षेत्र के रेलवे ट्रैक को पार करते एक महिला ट्रेन हादसे में मौत हो गई है घटना देवबलौदा चरोदा क्षेत्र की है चरोदा जीआरपी चौकी पुलिस ने बताया कि जी केबिन चरोदा निवासी पी रोजा नामक महिला अपने पति और अन्य लोगों के साथ स्टेशन छोड़ने देव बलौदा चरोदा के ट्रैक को पार कर रही थी पति समेत अन्य लोग ट्रैक को पार कर चुके थे लेकिन रोजा मोबाइल फोन में बात करते हुए ट्रैक पार कर रही थी इस दौरान ट्रैक पर धड़धड़ाती हुई ट्रेन आ गई हादसे में रोजा को चपेट में लिया ट्रेन आने तक का आभास फोन में बात करने के चलते उसे समझ नहीं आया ट्रेन ने महिला को करीब सौ मीटर तक घसीटते हुए अपने साथ लेकर चली गई घटना उसके पति के सामने हुई है महिला का शव टैक पर बिखरा पड़ा मिली सूचना पर जीआरपी पहुंची और शव का चादर में समेटते हुए उसे पीएम के लिए मरचूरी में भेज दिया रोजा के दो बच्चें भी है

### शादी समारोह में आए ड्राइवर के साथ पुलिस कर्मी ने की मारपीट, मामला दर्ज

**भिलाई, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे विधि व विधायी विभाग के वाहन चालक के साथ पुलिस कर्मी द्वारा जबरन मारपीट करने का मामला सामने आया है शिकायत के बाद पुलिस ने कर्मी के खिलाफधारा बीएनएस की धारा 296, 351(3) और 115 (2) के तहत अपराध कायम किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि नया रायपुर सेक्टर-27 निवासी जितेंद्र वर्मा मंत्रालय के विधि एवं विधायी विभाग में वाहन चालक हैं शादी समारोह में शामिल होने दुर्ग आया था पीड़ित शासन के विधि व विधायी विभाग में चालक मोहन नगर पुलिस ने किया अपराध कायम जितेन्द्र अपने दोस्त छबिलाल वैष्णव के साथ शंकर नगर स्थित कुर्मी भवन में मित्र की शादी में पहुंचा शादी समारोह के दौरान आरक्षक केशव प्रसाद साहू द्वारा मंत्रालय के चालक के साथ बिना कारण मारपीट कर दिया आरक्षक ने जितेन्द्र पर बिना कारण के शराब पबीने का आरोप लगा कर गाली गलौज भी किया। पीड़ित के शिकायत में बताया कि आरक्षक केशव प्रसाद साहू गाली-गलौज कर जितेंद्र वर्मा पर हमला कर दिया। इसके अलावा हाथ-मुक्कों से भी मारपीट करता रहा बीच-बचाव करने पहुंचे छबिलाल पर भी आरक्षक ने हमला किया घटना में जितेंद्र के चेहरे पर चोट आई। वहीं छबिलाल के दाहिने हाथ में चोट लगी है वर्तमान में आरक्षक थाना रानीतराई में पदस्थ है मोहन नगर थाने पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार हो रहा विस्तार

# जिला अस्पताल में अब तक 771 मरीजों को मिला सीटी स्कैन सुविधा का लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 7 दिसम्बर।** प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत कवर्धा के लोगों को सर्वोत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत जिला अस्पताल में क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सीटी स्कैन मशीन की स्थापना की गई। सीटी स्कैन मशीन से अब तक 771 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है।

इस संबंध में कबीरधाम के जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू ने बताया कि पहले कवर्धा में किसी की आकस्मिक दुर्घटना हो जाती थी तो सीटी स्कैन के अभाव में उसकी तुरंत जांच ना होने से पूर्ण उपचार प्राप्त नहीं हो पाता था, चिकित्सक भी मजबूर होकर मरीज को रायपुर या दुर्ग जैसे बड़े शहरों के लिए रिफर कर दिया करते थे।जिससे समय और धन दोनों की भारी हानि होती थी। अब सीटी स्कैन की सुविधा होने से लोगों को जिले में ही उपचार संभव हो पाता है।

कवर्धा के लघान गांव के निवासी त्रिलोक चंद्रवंशी ने बताया की जब सीटी स्कैन सुविधा नहीं थी तो हमें इलाज के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों को जाना पड़ता था, वहां रहने और खाने की समस्या के साथ बहुत महंगे सीटी स्कैन जांच को कराना पड़ता था। जिससे कोई आकस्मिक घटना हो जाने पर हम पर बहुत ज्यादा आर्थिक बोझ पड़ जाता था, इलाज में कई लोगों को अपनी पूरी संपत्ति तक लगानी पड़ जाती थी। अब उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सहयोग से जिला अस्पताल में ही अत्याधुनिक जांच एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रहीं हैं साथ ही अगर रायपुर जैसे बड़े शहर में उपचार कराना होता भी है तो कवर्धा सदन में निःशुल्क रहने और खाने की व्यवस्था भी हो जाती है। जिसके लिए हम शासन और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आभारी हैं।

उल्लेखनीय है कि 25 जुलाई 2025 को इस सुविधा का शुभारंभ जिला अस्पताल कवर्धा में अब तक 771 मरीजों को इसका लाभ मिल चुका है। जिससे जिले के गरीब, मध्यमवर्गीय, जरूरतमंद मरीजों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही जिला अस्पताल में आधुनिक इंट्रीकेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, ब्लड बैंक, ओटी में ऑनलाइन पावर बैकअप की स्थापना, 38 चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त 16.63 करोड़ की लागत के क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण के साथ जिला चिकित्सालय की क्षमता 100 बिस्तर से बढ़ाकर 220 बिस्तर की जा रही है और यहां की सुविधाएं बढ़ाने के लिए 258 पदों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में प्रतिमाह निःशुल्क कैसर स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। अब कवर्धा के लोगों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 11 दिसम्बर को मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन कर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु विशेष सौगात दी जाएगी।

### आठ जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 दिसम्बर।** नंदिनी थाना क्षेत्र के जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि मुखबिर ने सूचना मिला की ग्राम नंदिनी खुदिनी किशोर साहू का खेत में जुआ चल रहा है सतनामी पारा नंदिनी खुंदिनी निवासी तारण दास, फुलेन्द्र जांगडे, मनोज लोधी, शीतला मंदिर के पास, ग्राम पथरिया चेतन साहू, चांदिनी चौक ग्राम संगनी छबिराम यादव, नंदिनी खुंदिनी मुकेश सोनवानी, साहू पारा ग्राम नंदिनी खुदिनी किशोर साहू, वार्ड नगर 07 अहिवारा दीपक साहू को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों के पास से कुल 13 हजार 70 रुपये, ताश पत्ती, 6 मोबाईल जब्त किया गया।

# एनएसएस शिविर में देशप्रेम की कविताओं से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

- स्वसेवकों ने बोदल गाँव के सार्वजनिक स्थानों की भी साफ-सफाई की
- एन एस एस शिविर के पंचम दिवस स्वयंसेवकों ने किये विविध कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 7 दिसम्बर।** शासकीय प्राथमिक शाला मटंग प्रांगण में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना पाटन महाविद्यालय शिविर के पंचम दिवस की शुरुआत प्रभातफेरी एवं जागरूकता रैली के साथ हुई।

साक्षरता, नशामुक्ति, नारी शिक्षा राष्ट्रप्रेम के नारों से ओतप्रोत रैली में ग्रामीणों को जागरूक किया गया तत्पश्चात् योग, अगामाम, ध्यान, जुबा नृत्य एवं प्रेरक विचार रखे गये शाला प्रांगण एवं मुख्य चौक की सफाई की गयी। ग्राम पंचायत मटंग के अधीनस्थ ग्राम बोदल गये वहाँ जैतखाम, आंगनबाड़ी, सार्वजनिक शौचालय, हनुमान मंदिर के परिसर, गलियों, नालियों में सफाई किया। चलित पशु चिकित्सा द्वारा ग्राम मटंग के गोठान में निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गाय, बैल, बकरियों को कृमिनाशक दवा भी पिलायी गयी उस शिविर में 14 पशु?ओं का उपचार 25 पशुयों से कृमिनाशक दवा एवं 20 पशुओं का इलाज किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय योगदान दिया है इस शिविर में 'डो झरना चंद्राकर सहायक पशु चिकित्सक डॉ दीपेन्द्र खरें सहायक पशु चिकित्सक सुश्री निकिता सोमकर सहायक सत्र पश चिकित्सक समीक्षा ताम्रकार, नरेश बंछोर एवं दिनेश साहु की पशु चिकित्सा शिविर में योगदान दिया।

डॉ झरना चंद्राकर ने स्वयंसेवकों को पशुओं से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान करते हुए। घरेलू उपचार का तरीका भी बतलाया। बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि महेश्वरी ध्रुव कांउसकर एड्?स रोग, ने एड्स के कारण, लक्षण एवं उनसे बचने के उपाय बतलाये। उन्होंने बतलाया कि प्रत्येक वयस्क महिला पुरुष को विवाह के पूर्व एच आई वी टेस्ट कराना चाहिए।

## आयुक्त ने किया नेहरू नगर पूर्व व सूर्या मॉल क्षेत्र के कार्यों का सघन निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई नगर, 7 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने आज जोन 1 (नेहरू नगर) के अंतर्गत चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सीवरेज लाइन के कार्य, उद्यानों की स्थिति और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकानों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निगम आयुक्त नेहरू नगर पूर्व में चल रहे सीवर लाइन के कार्यों का निरीक्षण किये। उन्होंने कार्य में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित सीवरेज लाइन के लेआउट का भी अवलोकन किया। आयुक्त ने नेहरू नगर पूर्व स्थित पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उद्यान और लाल बहादुर शास्त्री उद्यान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने 'वूमेन फॉर ट्री' स्कीम के तहत लगाए गए प्लांटेशन पौधों का अवलोकन किया और उनके रखरखाव की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने उद्यानों में उपस्थित आस-पास के सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा की।उन्होंने निगम के विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए जनसहयोग की महत्ता पर बातचीत की और नागरिकों से सहयोग की अपील की। शास्त्री उद्यान जिसका निःशुल्क रखरखाव रोटरी क्लब द्वारा किया जा रहा है, वर्तमान स्थिति से असंतुष्ट होते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष से निगम आयुक्त तत्काल चर्चा किये और व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित किए हैं।



### एसडीआरएफ की टीम ने जर्जर पानी टंकी में फंसे दो युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 दिसम्बर।** जर्जर पानी टंकी में फंसे दो युवकों को एसडीआरएफटीम की मदद से पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला है भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सेक्टर- 6 स्थित जर्जर पानी टंकी है पुलिस को सूचना मिली कि जर्जर पानी टंकी के उपर दो युवक चढ़े हुए है टंकी से उतरते समय सीढ़ी के टूट जाने से एक युवक गिरकर घायल हो गया है। दूसरा टंकी में फंसा हुआ था मौके पर भिलाई नगर पुलिस एवं डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची तुरंत घायल एलआईजी 76 कैलाश नगर जामुल निवासी अक्षत कुमार प्रसाद को अस्पताल पहुंचाया जिसे शरीर के हाथ, पैर में गंभीर चोंट आई है। सूचना पुलिस ने परिजनों को दिया। टंकी में फंसे मैत्रीकुंज रिसाली (पीजी) सुमित भगत को एसडीआरएफ दुर्ग की टीम बुलाकर रेसक्यु कर सुरक्षरत उतारा गया घटना के संके बारे में पुलिस पूछताछ कर जांच की जा रही है।

## सत्य गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन का प्रथम दिन

# जैसा कर्म करेंगे, वैसी परिस्थितियां आएंगी : ब्रह्माकुमारी वीणा

- ब्रह्माकुमारीज़ गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन का दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भिलाई, 7 दिसम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कर्नाटक हुबली से पधारी गीता ज्ञान विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने चार दिवसीय सत्य गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन विषय पर ब्रह्माकुमारी टीचर्स बहनों की ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रथम दिन उन्होंने बताया कि सर्वशास्त्र शिरोमणि श्रीमद भगवत गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, अगर हम गीता के ज्ञान को जीवन में धारण करेंगे तभी इसका वास्तविक सार समझ में आएगा। गीता-ज्ञान सिर्फ सुनने या पढने के लिए नहीं है उसे अपने विचार, व्यवहार, जीवन शैली में अपनाना जरूरी है।

सर्वप्रथम टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का वरिष्ठ ब्रह्माकुमारी दीदियों ने दीप प्रवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। वीणा दीदी ने बताया कि गीता हमें आत्म-ज्ञान, आत्म-चेतना और आत्म-शुद्धि का मार्ग दिखाती है, इससे जीवन में स्थिरता, शांति और संतुलन आता है। जीवन एक कर्म दर्शन है, जैसा कर्म करेंगे, वैसी ही परिस्थितियाँ आएँगी। इसलिए कर्म करते समय धर्म, सत्य और परमात्म-चेतना को ध्यान में रखना चाहिए।

गीता का ज्ञान सिर्फ व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि समाज, राष्ट्र और सम्पूर्ण मानवता के लिए है। आपने बताया कि गीता का संदेश हमें भय, चिंता, तनाव से दूर कर सच्ची आत्मनुभूति कराता है। विशेषकर आज-कल की दौड़ भाग वाली जिंदगी, मानसिक तनाव, असंतुलन, भौतिकता के चक्र में ये गीता ज्ञान युवाओं व समाज दोनों के लिए सहारा बन सकते हैं। इस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न सेवा केंद्रों की ब्रह्माकुमारी बहने उपस्थित रह ट्रेनिंग प्रोग्राम का लाभ प्राप्त किया।

# औंसर में स्वच्छता का निरीक्षण किया अधिकारियों ने

## राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद ने किया स्वच्छता की तारीफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 7 दिसम्बर।** ग्राम औंसर में स्वच्छता अभियान के अधिकारियों ने गांव का निरीक्षण किया। जिसमें गांव के सेग्रिगेशन यार्ड, शौचालय, राजीव गांधी सेवा केन्द्र आदि का निरीक्षण किया गया।

स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत औंसर-डिघारी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद मैडम एवं सौरभ वाटर एड संस्था जिला समन्वयक एवं नरेश साहु संकुल प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन पाटन द्वारा स्वछता संबंधी निरीक्षण किया गया। अभिलाषा आनंद जी ने गांव की स्वच्छता की तारीफ की और कचरा कलेक्शन, सूखा कचरा गीला कचरा, वेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता जागरुकता के बारे में स्वच्छता दीदियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल, भूपेश निर्मलकर उप सरपंच, गजेन्द्र भारती पंच, रोशनी चतुर्वेदी, श्यामा भारती, त्रिवेणी भारती, अनीता ठाकुर पंच, शशि वर्मा सचिव, कुंती धनकर, शशि महिपाल, अनीता वर्मा, मंजू ठाकुर, कृष्णा बैरागी, मनीषा सहित सभी स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।

## एक नजर

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को

**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 13 दिसम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद धारा 138 मामले, किराया, बैंक वसूली, विद्युत चोरी के राजीनामा योग्य मामले, जिला न्यायालय में लंबित (भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण एवं राजस्व मामले) एवं अन्य मामलों का निराकरण के प्रकरण शामिल है। इसी तरह प्री-लिटिगेशन संबंधी मामले (विवाद पूर्व-सुलह समझौते) जैसे कि बैंक के ऋण वसूली, विद्युत बिल के बकाया सूली एवं अन्य वित्तीय संस्थान के प्रकरण भी आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा । लोक अदालत में न्यायालयीन प्रकरण समाप्त होने से पक्षकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित होते है। उनके विवाद का निपटारा होने से मधुर संबंध बनते है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत स्वीकृति प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में सुनील देवांगन पिता जीवनलाल देवांगन, निवासी ग्राम कटगी तहसील कसडोल, मिलन बाई पति स्व. धनीराम, निवासी ग्राम मड़कड़ा, तहसील कसडोल एवं भुनेश्वर वर्मा पिता कन्हैया वर्मा, निवासी ग्राम कोरदा, तहसील लवन शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के आग में जलने एवं महानदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### ओड़ान में 305 बोरी अवैध धान जब्त,तेलासी में एक गोदाम सील

**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के. निर्देशानुसार एसडीएम पलारी दीपक निकुंज के नेतृत्व में प्रशासन की टीम द्वारा अवैध धान पर जांच एवं कार्यवाही की जा रही है । इसी कडी में पलारी तहसील के ग्राम ओड़ान में 305 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ओड़ान में दिनेश चंद्राकर के धान गोदाम में टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उनके गोदाम में 305 बोरी अवैध रूप से डंप किए गए धान को जब्ती बनाकर एवं सील कर कोटवार के सुपुर्द में दिया गया। ग्राम तेलासी में बंधु हॉलर मिल मे दीनबंधु सोनवानी के द्वारा अवैध धान संग्रहण किये जाने के कारण गोदाम सील किया गया। इसके साथ ही ग्राम भवानीपुर में ट्रेडर्स चुन्नीलाल साहू के यहां घोषित स्टॉक से अधिक धान पाए जाने पर 46 बोरा धान को जप्त किया गया। इस कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी, खाद्य विभाग एवं मंडी के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने रायपुर रेलवे स्टेशन को सर्वसुविधा युक्त बनाने पर दिया ज़ोर

**रायपुर 07 दिसंबर।** आज दिनांक 06 दिसंबर 2025 को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के कुशल मार्गदर्शन में व्यापारिक हितों एवं जनसुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई । चेम्बर के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने आज रायपुर रेलवे स्टेशन के प्रमुख प्रबंधक माननीय आर.पी मंडल जी से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में डीआरयूसीसी रायपुर संभाग के सदस्य एवं चेम्बर के उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन और जितेंद्र शादीजा शामिल थे। चेम्बर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने कहा, ÷रेलवे स्टेशन शहर का प्रवेश द्वार होता है, और रायपुर स्टेशन का आधुनिकीकरण प्रदेश के व्यापार और अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। उपाध्यक्ष जितेंद्र शादीजा ने आश्वासन दिया कि, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स रेलवे के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि सभी व्यापारिक और लॉजिस्टिक समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। लोकेश चंद्रकांत जैन ने यह भी बताया कि विभिन्न सुझावों पर चर्चा कर उन्हें संकलित किया गया जिसे आगामी डीआरयूसीसी रायपुर संभाग के द्वितीय बैठक में प्रमुखता से रखे जायेंगे।

# दो वार्डों में सीसी रोड़ निर्माण का भूमिपूजन विधायक शिवरतन शर्मा ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 07 दिसंबर।** नगर पालिका परिषद अंतर्गत विभिन्न वार्डों में बुनियादी अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सी.सी. रोड निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। गांधी मंदिर वार्ड एवं के.के वार्ड में देवेंद्र देवांगन के निवास से बसंत के निवास तक लगभग 9.51 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जो वर्षों से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही है। इस मार्ग के निर्माण से नागरिकों को आवागमन में उल्लेखनीय सुविधा मिलेगी तथा धूल-कीचड़ की समस्या से राहत प्राप्त होगी। इसी क्रम में रामसागर वार्ड में ओवरब्रिज के किनारे से नए बस स्टैंड रोड तक लगभग ?21.14 लाख की लागत से बस स्टैंड पहुँच मार्ग (सी.सी. रोड) निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। यह मार्ग यात्रियों, व्यापारियों एवं आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर के निरंतर विकास के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुदृढ़ सड़कों का निर्माण न केवल आमजन के जीवन को सरल बनाता है, बल्कि व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को भी सशक्त करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और भाटापारा एक आदर्श नगर के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि, भाटापारा नगर के समग्र विकास के लिए सड़क, जल, प्रकाश एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी नगरवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य किए जाते रहेंगे, जिससे भाटापारा एक सुव्यवस्थित, सुगम एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित हो सके। इस अवसर पर सभापति गोविन्द पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, पार्षद नंद किशोर, वैष्णव अजय ठाकुर, नरेंद्र यदु,शुभम राजपूत, देवेन्द्र साहू, आशीष जायसवाल, व्यास यदु रज्जु साहू, सुशील वर्मा, कैलाश जैन, सुभाष जैन, बादल देवांगन, देवेंद्र देवांगन, सुनील डागा, अशोक साहू, निमेश ठाकुर, राजेश अग्रवाल, हारून,बसंत देवांगन अभिषेक यदु,विनोद यदु, सुखदेव यदु,प्रमिला यादव,सोना यदु, राजकुमारी देवदास,सावित्री यदु,उपस्थित रहे।

पीएम आवास निर्माण में लापरवाही पर तकनीकी सहायक को नोटिस जारी करने के निर्देश

# मैदान पर सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीरता से हो: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और फिल्ड पर योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश दिये। इस दौरान पीएम आवास निर्माण में कम प्रगति पर कसडोल विकासखंड के दो तकनीकी साहयकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से सभी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सकती है। सभी अधिकारी -कर्मचारी गंभीरतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाहन करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024 -25 में 48114 आवास लक्ष्य के विरुद्ध 42650 आवास स्वीकृत हुए है उन सभी आवासो को मार्च 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ वनांचलों में आवास निर्माण हेतु ईंट, रेत, गिट्टी, सीमेंट, सेट्रिंग प्लेट इत्यादि की व्यवस्था कराए। उन्होंने कहा कि यदि आवास मित्र काम नहीं कर रहे तो रोजगार साहयकों को जिम्मेदारी दें ताकि आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाई जा सके। जिन हितग्राहियों को पहली किश्त की राशि जारी हो गई है उनके आवास एक सप्ताह में प्रारम्भ कराएं। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य सृजन कर रोजगार उपलब्ध कराएं। अमृत सरोवर का निर्माण तय मानदंडो के अनुसार कराएं। उन्होने ग्राम पंचायत कार्यालय संचालन हेतु पीड़ीएस भवन एवं पीडीएस गोदाम निर्माण के प्रस्ताव भेजने कहा। इसीतरह एनआरएलएम के तहत समूह की महिलाओं के आजीविका सृजन हेतु सीमेंट प्लांट परिसर में उत्पादों के विक्रय स्टॉल लगाने के निर्देश दिये। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में घर -घर कचरा कलेक्शन आदि की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित जनपद सीईओ, पीओ मनरेगा, तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

# पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर।** जिले में पिछले कुछ महीनो से मोटरसाइकिल चोरी की विभिन्न घटनाएं सामने आ रही थी, जिसमें आरोपियों द्वारा पार्किंग स्थलों, सूने स्थान अथवा रात्रि के समय घर के बाहर पार्क किए जाने वाले मोटरसाइकिल को चोरी किया जा रहा था। लोगों द्वारा यह भी बताया गया कि कुछ काम से बैंक या किसी दुकान आदि जाने तथा वहां से वापस आने के थोड़े से अंतराल में ही उनकी मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया गया था। जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता द्वारा साइबर सेल की पुलिस टीम को मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में साइबर सेल की पुलिस टीम द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र में घटित मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटा कर तकनीकी विश्लेषण किया गया। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का भी गहन अवलोकन किया गया। पुलिस की एक टीम द्वारा मुखबिरों के माध्यम से भी चोर गिरोह के संबंध में पता लगाया जा रहा था। साथ ही मोटरसाइकिल चोरी में गिरफ्तार पूर्व आरोपियों का भी रिकॉर्ड खंगाल जा रहा था। कि सायबर सेल की पुलिस टीम द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयासों से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दोनों चोर गिरोह से 01 विधि से संघर्षरत बालक सहित 04 आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली, जिनसे पूछताछ करने पर सभी आरोपियों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया तथा उनसे पूछताछ में यह बात पता चली कि- आरोपियों द्वारा पेशेवर चोर गिरोह की भांति मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। चोरी करने पश्चात आरोपी मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट बदल देते थे तथा अलग-अलग जिलों में ग्राहक की तलाश करते हुए मोटरसाइकिल को बेच देते थे। आरोपियों द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, जिला रायपुर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

# रजत जयंती पर्व पर बलौदाबाजार वनमण्डल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रजत जयंती पर्व पर बलौदाबाजार वनमण्डल द्वारा शुक्रवार को वन एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वन परिक्षेत्र बल्दाकछार अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा एवं शासकीय प्राथमिक शाला परसदा में ÷एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। वन परिक्षेत्र सोनाखान के ग्राम पठियापाली स्थित प्राथमिक शाला प्रांगण में तेंदूपत्ता संग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया।वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोसमसरा में स्कूली बच्चों द्वारा चित्रकला, वन सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता एवं खेल गतिविधियों में भाग लेकर वन एवं वन्यजीव सुरक्षा का संकल्प लिया गया। वन परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत अर्जुनी वन विश्राम गृह में हर्बल मेला आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय वैद्यराजों ने उपस्थित जनों को जड़ी-बूटियों की पहचान कराई तथा विभिन्न रोगों में उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी। परिवृत्त सिमगा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कचलोन में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। के प्रति जागरूक किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय, तेंदूपत्ता संग्राहक, विद्यार्थियों एवं स्थानीय जनों को वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई।

# संयुक्त टीम ने 5 प्रकरण में कई तहसीलों में 2052 कट्टा अवैध धान किया जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। संदिग्ध बिचौलियो के प्रतिष्ठानो पर दबिश दी जा रही है जिससे सफलता मिल रही है । इसी कड़ी में शुक्रवार को विभिन्न ताहिसलों में संयुक्त टीम के द्वारा 5 प्रकरण में 2052 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया जो एक दिन में की गई अब तक की बड़ी कार्यवाही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा तहसील में अमित चावल उद्योग से गगनदीप पोहा मिल ले जा रहे 800 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम बया मे संयुक्त टीम द्वारा विकास ट्रेडर्स पर दबिश दी। जांच टीम ने विकास ट्रेडर्स से लगभग 850 कट्टा पुराना अवैध धान जब्त किया। पलारी तहसील में ग्राम ओड़ान के दिनेश चंद्राकर गोदाम से 305 कट्टा, कबीर ट्रेडर्स भवानीपुर से 46 कट्टा, बलौदाबाजार तहसील में मुलशंकर ट्रेडर्स पनगांव से 51 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। जिले में 1 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक 70 प्रकरणों में 2664.54 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। प्रशासन की कड़ी निगरानी व कार्यवाही से कोचिये और बिचौलिए में हड़कंप मच गया है।चेक पोस्ट पर भी वाहनों की कड़ी जांच की जा रहिन्हा।कोचिये और बिचौलिये के अवैध धान पर यह कार्यवाही धान खरीदी तक निरंतर जारी रहेगी।

# सीटी स्कैन मशीन से रोगों की तुरंत पहचान होने से इलाज भी जल्द संभव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिला अस्पताल में उन्नत तकनीक से लैस मशीनों से जांच की जा रही है। इसी कड़ी में यहां स्थापित सीटी स्कैन मशीन से रोगों की तुरंत पहचान होने से मरीजों का सही व शीघ्र ईलाज संभव हुआ है। जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में जनवरी 2023 से सी.टी.स्कैन की सुविधा मरीजों को मिल रही है जिसमें अभी तक लगभग 5100 मरीजों का सीटी स्कैन किया जा चुका है। प्रतिमाह लगभग 200 मरीजों का सी.टी. स्कैन किया जाता है। जिला चिकित्सालय में सी.टी. स्कैन की सुविधा प्रारंभहोने से स्ट्रोक, चोट, फ्रेक्चर, ट्यूमर इत्यादि की पहचान तुरंत हो जाती है। तेजी से सही निदान होने पर ईलाज भी समय पर शुरू हो जाता है जिससे जीवन बचाने की संभावना बढ़ गई है। अब दूर शहरो में जाकर स्केन कराने की जरूरत नही पड़ती। आसपास के क्षेत्र के लोगो को आधुनिक डायग्नोसिटक सुविधा उनके शहर में ही उपलब्ध हो रही है। इससे मरीजों के पैसे एवं समय दोनो की बचत हो रही है। उल्लेखनीय है कि सीटी (कम्प्यूटरीकृत टोमोग्राफी) स्कैन एक चिकित्सा इमेजिंग प्रक्रिया है जो शरीर के अंदर की विस्तृत त्रि-आयामी छवियां बनाने के लिए एक्स-रे और कंप्यूटर का उपयोग करती है। यह हड्डियों, मांसपेशियों, अंगों और रक्त वाहिकाओं की विस्तृत छवियां प्रदान करके बीमारियों और चोटों का निदान करने में मदद करता है।

# राजस्व,खाद्य व मंडी की टीम ने 850 कट्टा पुराना अवैध धान जब्त किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी के संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। संदिग्ध बिचौलियो के प्रतिष्ठानो पर दबिश दी जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रशासन की टीम के निरीक्षण के दौरान 850 कट्टा पुराना अवैध धान जब्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम बया मे संयुक्त टीम द्वारा विकास ट्रेडर्स पर दबिश दी। जांच टीम ने विकास ट्रेडर्स से लगभग 850 कट्टा पुराना अवैध धान जब्त किया। जब्त धान को ग्राम बया में ही सुरक्षित रखने हेतु तुलसी यादव को सुपुर्द किया गया। गौरतलब है कि जिले में 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी जारी है। इस दौरान प्रशासन द्वारा बिचौलिए पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि बिचौलये के अवैध धान उपार्जन केंद्रों तक न पहुंच पाए।

# उपभोक्ता आयोग ने विधवा को दिलाई बीमा क्षतिपूर्ति राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,07 दिसंबर।** बीमा कंपनी द्वारा विधवा को बीमा की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को मामले में राशि 5,00,000 रूपये एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने के आदेश पारित किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा निवासी रूखमणी यादव ने अपने पति का बीमा अनावेदक दी न्यू ओरियेंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर से कराया था।आवेदिका के पति की असामयिक मृत्यु करंट लगने के वहज से हो गई जिसकी बीमा राशि प्राप्त किये जाने हेतु बीमा कंपनी के यहां प्रस्तुत किया गया।बीमा कंपनी के द्वारा बीमा क्लेम को विलंब का आधार बनाकर आवेदिका को बीमा राशि से वंचित रखा गया जिससे क्षुब्ध होकर आवेदिका रूखमणी यादव ने उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार में प्रकरण प्रस्तुत किया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला एवं शारदा सोनी ने मामले की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म निष्कर्ष दिया कि अनावेदक के द्वारा आवेदिका के पति का मृत्युउपरांत भी प्रीमियम राशि की कटौती गई है एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायदृष्टांतानुसार केवल विलंब के आधार पर दावा निरस्ती को उचित नही माना जा सकता है। सेवा में कमी मानते हुए अनावेदक न्यू ओरियेंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर को बीमा की क्षतिपूर्ति राशि 5,00,000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

# कॉलेज में विज्ञान संकाय ने वैज्ञानिक सर जगदीश चंद्र बोस की जयंती मनाई

■ सौर पैनलों के इस्तेमाल के प्रभाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 07 दिसंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 5 दिसम्बर शुक्रवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ई.वी.रेवती तथा विज्ञान विभागाध्यक्ष ओ.पी. वर्मा के मार्गदर्शन में महान वैज्ञानिक सर जगदीश चंद्र बोस की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य तथा प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप जलाकर तथा माल्यार्पण कर किया गया । तत्पश्चात गणित विभाग की अतिथि व्याख्याता प्रिया ठाकुर द्वारा जगदीश चंद्र बोस की जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी छात्र छात्राओं को देते हुए भौतिकी तथा वनस्पति शास्त्र में उनके अविस्मरणीय योगदान को बताया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम जे सी बोस जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा सौर पैनलों के इस्तेमाल के प्रभाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायकगण के रूप में सहा प्राध्या जी.के. यादव , बेदप्रकाश साहू तथा पुर्वेश बांधव थे। प्रतियोगिता के विषय पक्ष में प्रथम स्थान प्रिया पटेल , द्वितीय स्थान दीपिका साहू तथा तृतीय स्थान गुरप्रीत ने प्राप्त किया तथा विपक्ष में प्रथम स्थान ज्ञानेंद्र द्विवेदी, द्वितीय स्थान सरस्वती साहू तथा तृतीय स्थान लीना देवांगन ने प्राप्त किया । कार्यक्रम के अंत में सहा प्राध्या ओ. पी. वर्मा ने बताया कि किस प्रकार सौर पैनल सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ई.वी. रेवती द्वारा सौर पैनल के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव किस प्रकार मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रभाव को बताया । उपरोक्त कार्यक्रम में अतिथि व्या. डॉ गोकुल प्रसाद साहू ,डॉ राकेश कुमार , श्रीमती रोशनी राठौर ,श्रीमती सुखप्रीत कौर, गौरव तिवारी, श्रीमती देवश्री देवांगन, प्रिया ठाकुर, रामेश्वरी यादव, रोशन कुमार, लक्ष्मीकांत साहू सहित विज्ञान संकाय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे । आभार प्रदर्शन बेदप्रकाश साहू द्वारा किया गया।

# डॉ.भीमराव अम्बेडकर को पुण्य तिथि पर किया गया याद



**बलौदाबाजार, 07 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें नमन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे ने भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। ज्ञातव्य है कि भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसंबर पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का निर्माता कहा जाता है। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दूसरे को छोटा बताने से कोई बड़ा नहीं बन जाता

आदमी जो कहता है दूसरों के बारे में,उससे दूसरों के बारे में सच का पता चले न चले,कहने वाले के बारे में भी पता चलता है कि यह ऐसा कह रहा है तो क्यों कह रहा है। अगर कोई किसी बड़े आदमी को छोटा बताने का प्रयास निरंतर कर रहा है तो इससे तो यह पता चलता है कि जो छोटा आदमी है, वह छोटा है और उसके छोटा होने का पता लोगों को बड़े आदमी के कारण लगता है। सब उस बड़े आदमी के बड़े रहने के कारण उसे छोटा बताते हैं तो छोटा आदमी सकारात्मक होता है तो वह उस बड़े आदमी की तरह मेहनत करके बड़ा आदमी बनने का प्रयास करता है। अगर वह छोटा आदमी नकारात्मक होता है तो वह खुद तो बड़ा आदमी नहीं बन पाता है, इसलिए वह बड़े आदमी को छोटा आदमी बताने का प्रयास करता है ।ऐसा करने पर उसे इस बात बात का कोई दुख नहीं होता है कि वह बड़ा आदमी नहीं बन सका है या नहीं बन पा रहा है लेकिन वह इस बात से खुश जरूर होता है कि बड़े आदमी को मैंने कैसे छोटा आदमी बना दिया। छोटा आदमी अगर किसी राजनीतिक दल का सबसे बड़ा नेता हैं तो इसका असर उसके दल के दूसरे लोगों पर भी पड़ता है वह भी अपने नेता को बड़ा बनाने के लिए कोई मेहनत नहीं करते हैं। वह भी अपने नेता की तरह बड़े आदमी की आलोचना करते हैं, बुराई करते हैं, उसे कई तरह से छोटा बताने का प्रयास करते है, यह प्रयास इसलिए करते हैं कि उनका सबसे बड़ा नेता ऐसा करने से खुश होता है। कांग्रेस में पिछले ११ साल से यही चल रहा है। राहुल गांधी बड़ा नेता नहीं बन पा रहे हैं, देश का पीएम नहीं बन पा रहे हैं। कांग्रेस की परंपरा अनुसार तो उनको अब तक दो बार पीएम या सुपर पीएम बन जाता था ।राजीव गांधी के बाद सोनिया गांधी पीएम नहीं बन सकी लेकिन दो बार वह सुपर पीएम तो रही हैं। वह मां हैं वह तो चाहेंगी ही कि उनका बेटा पीएम नहीं तो सुपर पीएम बने। राहुल गांधी न तो मां की इच्छा पूरी कर सके हैं


### संपादकीय

न ही एक लोकसभा चुनाव जीताकर कांग्रेस की इच्छा पूरी कर सके है सफल नेता व बड़ा नेता तो वही माना जाता है जो खुद भी चुनाव जीतता है और पार्टी को भी चुनाव जिताता है। पीएम मोदी ऐसा तीन बार कर चुके हैं, वह तीसरी बार पीएम बने हैं और तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने में सफल रहे हैं। इसलिए हर कोई पीएम मोदी को बड़ा नेता मानता है,सफल नेता मानता है। राहुल गांधी ऐसा नहीं कर सके हैं,इसलिए उनको कोई बड़ा नेता व सफल नेता नहीं मानता है। राहुल गांधी अपनी असफलता के लिए खुद को दोषी नहीं मानते हैं, वह नहीं मानते हैं कि हार वह अपनी कमियों के कारण जाते है। वह यह मानते हैं इसके लिए मोदी दोषी है, अगर मेरे सामने मोदी नहीं होता तो मै जीत जाता। मेरे सामने मोदी आ जाता है, इसलिए मैं हार जाता हूं, मैं छोटा हो जाता हूं और पीएम मोदी बड़ा हो जाता है ।राहुल गांधी के पास मोदी को छोटा करने का एक तरीका तो यह है कि वह चुनाव में हराकर मोदी को छोटा बना दे। वह ऐसा नहीं कर पाते हैं, इसलिए वह और कांग्रेस के नेता दूसरे तरीकों से मोदी को छोटा बताने का प्रयास करते हैं। राहुल गांधी व कांग्रेस के नेता यह सोचकर कितना खुश होते हैं कि जब मोदी नहीं था तो कितना अच्छा था, सत्ता उनके पास रहती थी, देश मे उनका दबदबा रहता था, सब उनका कितना सम्मान करते थे, वह देश व राज्य में कुछ भी कर सकते थे। आज .यही सोचकर नाराज होते है कि पीएम मोदी के आने के बाद सबकुछ उनसे छीन गया है। आज सत्ता उनके पास नहीं है तो पीएम मोदी के कारण नहीं है। परिवार की प्रतिष्ठा कम हो गई है तो मोदी के कारण। ऐसे आदमी के प्रति कांग्रेस व गांधी परिवार में गुस्सा व नफरत होना स्वाभाविक है। हर चुनाव में हार के बाद यह गुस्सा व नफरत बढ़ जाता है। राहुल गांधी का यह कहना चौकीदार चोर है, मोदी कमजोर पीएम है, मोदी डरपोक पीएम है, पीएम मोदी ने ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया,मोदी मेरे से आंख नहीं मिला सकता, मोदी चुनाव जीतते नहीं है, चुनाव आयोग मोदी को चुनाव जिताता है, हम चुनाव हारते नहीं है, हमको वोट चोरी कर हराया जाता है। इसके अलावा कांग्रेस नेताओं की बहुत सारी गालियां सब कांग्रेस नेताओं व राहुल गांधी की गुस्सा व नफरत का परिणाम है अब एआई का दौर है तो पीएम मोदी की एआई जनरेटेड रील बनाई जा रही है,उनका मजाक देश व विदेश में बनाया जा रहा है। उनका अपमान किया जा रहा है यह रील बनाकर कि चाय वाला आज भी चाय वाला है। कांग्रेस नेता जब मोदी को चाय वाला कहकर अपमान करते हैं तो इससे उनके गुस्से व नफरत का पता चलता है कि उनको एक चायवाले ने सत्ता से बाहर कर दिया है और उनको सत्ता में आने नहीं दे रहा है ।कांग्रेस नेताओं के लिए यह बहुत अपमानजनक है, वह इसे सह नहीं पाते हैं,जब भी चुनाव हारते हैं तो उनका गुस्सा चायवाले पर ही निकलता है लेकिन वह भूल जाते हैं कि चायवाला तो अब देश का पीएम है,विश्व का बड़ा नेता माना है और वह अब उसे फिर से चायवाला नहीं बना सकते। क्योंकि उनका नेता राहुल गांधी है और जब तक राहुल गांधी है पीएम मोदी सफल व बड़े नेता बने रहेंगे। चाय वाला चाय वाला कहने के बाद भी बने रहेंगे।

# लोकतंत्र में बन्दों को गिना करते हैं 'तौला' नहीं करते

समसामयिक

तनवीर जाफ़री



नवनिर्वाचित बिहार विधानसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण के दौरान गत 1 दिसंबर को भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की वास्तविकता का एक अजीब दृश्य देखने को मिला जबकि राज्य की नवादा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनता दल (यूनाइटेड) विधायक विभा देवी को हिंदी में भी शपथ पत्र पढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। अनपढ़ होने के कारण ही वह ठीक से शपथ नहीं पढ़ पा रही थीं। इस संबंध में वायरल हुई वीडिओ में देखा गया कि शपथ लेने के दौरान वे बार-बार रुक गईं और उन्होंने पास में बैठी एक अन्य जे डी यू विधायक मनोरमा देवी से शपथ पूरी करने में मदद मांगीं जिन्होंने उन्हें शब्दों का उच्चारण बताया। स्वयं स्पीकर महोदय ने बार बार शपथ लेने में मनोरमा देवी की सहायता की जिसके बाद ही विभा देवी किसी तरह शपथ लेने की 'औपचारिकता ' निभा सकीं। विभा देवी का परिचय व उनकी योग्यता केवल यह है कि वे पूर्व विधायक और विवादित 'बाहुबली' राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं। वे आर जे डी के प्रत्याशी कौशल यादव को 27,594 वोटों से हराकर विजयी घोषित हुई हैं। गोया अब बिहार का भाग्य लिखने वालों में एक नाम विधायक विभा देवी का भी शामिल होगा। राज्य के नेतृत्व में ऐसे और भी कई उदाहरण हैं। इसी बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देश के प्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर शायद यह सोचकर जन सुराज नामक अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे होंगे कि जब वे दूसरे दलों व उनके नेताओं को चुनावी जीत दिला सकते हैं तो स्वयं अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी बनाकर विजयी क्यों नहीं हो सकते ? सुख और विलासता के जीवन को त्याग कर गत तीन वर्षों तक पूरे बिहार की ख़ाक छानने के बाद अपनी ही कमाई के करोड़ों रूपये पानी में बहाकर जो मुद्दे वे जनता के सामने रख रहे थे निश्चित रूप से वही मुद्दे आज की राजनीति विशेषकर बिहार की ज़रूरत हैं। जैसे शिक्षा,पलायन,बेरोज़गारी व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ही उन्होंने अपने चुनाव के सर्वप्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। इतना ही नहीं बल्कि जितने शिक्षित,अनुभवी,सज्जन,योग्य व दूरदर्शी लोगों को



प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी का प्रत्याशी बनाया शायद राज्य के किसी अन्य दल ने नहीं बनाया। परन्तु भारतीय राजनीति व देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का आज का सच यही है कि नवादा की जिस नवनिर्वाचित विधायक विभा देवी के अनपढ़ होने के कारण उनका मज़ाक़ उड़ाया गया उनके मुक़ाबले में जन सुराज पार्टी ने जिस अनुज सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था वे संसाधन भूगोल (Resource Geography) में पीएचडी धारक थे परन्तु उन्हें कुल 19349 वोट हासिल हुए और वे तीसरे नंबर पर रहे, जबकि अनपढ़ विभा देवी ने कुल 87423 वोट पाकर ज़बरदस्त जीत दर्ज की। अब एक नज़र डालते हैं पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह प्रकरण पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह ने बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान ही बिहार की नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुये सरकार की नीतियों, भ्रष्टाचार और पार्टी नेताओं पर कुछ गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने बिहार सरकार व अदानी पावर लिमिटेड के मध्य ₹62,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुये यह दावा किया था कि यह अडानी को फ़ायदा पहुंचाने की साज़िश है। उन्होंने इस विषय पर सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने भाजपा नेताओं जैसे भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर 1995 हत्या मामले आरोपी होने, अपनी आयु व शिक्षा छिपाने जैसे प्रशांत किशोर के गंभीर आरोपों का समर्थन किया था । आर के सिंह ने अनंत सिंह जैसे एनडीए उम्मीदवारों को अपराधी बताते हुए लोगों से उन्हें वोट न देने की अपील भी की थी । परन्तु 'बलिहारी ' हो इस 'लोकतंत्र' की, कि सम्राट चौधरी भी चुनाव जीतकर पुनः राज्य के उप मुख्यमंत्री बन गये और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अनंत सिंह भी विजयी हो गये। जबकि दूसरी ओर इनको आइना दिखाने वाले आर के सिंह जैसे ईमानदार व शिक्षित नेता के आरोपों को भाजपा ने 'अनुशासनहीनता' व "पार्टी-विरोधी गतिविधियां" मानते हुये उल्टे उन्हें ही पार्टी से निलंबित कर दिया। उधर अपने निलंबन के कुछ ही घंटों बाद सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को पत्र लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफ़े में भी साफ़ कहा कि यह कार्रवाई "भ्रष्ट लोगों के साथ साठगांठ" को साबित करती है। उन्होंने भाजपा आलाकमान से यह भी पूछा कि भ्रष्टाचार व अपराधियों के विरुद्ध आवाज़ उठाना क्या भाजपा की नज़रों में अनुशासनहीनता है ? परन्तु लोकतंत्र में तथ्य व आरोप से भी बड़ा है जनमत या 'बहुमत'। यानी जो जीता वही सिकंदर। अब एक नज़र राहुल गाँधी की बिहार में की गयी पदयात्रा पर भी डालिये। राहुल गाँधी ने बिहार में कभी पलायन रोकने के विषय को मुद्दा बनाकर तो कभी वोट अधिकार यात्रा के नाम पर बिहार के लोगों को जागरूक करने की पूरी कोशिश की। राजनीति व राज्य के विकास के बुनियादी मुद्दों पर उन्होंने जनता को जागृत करने का प्रयास किया। परन्तु चुनाव नतीजों ने उन सभी बुनियादी मुद्दों पर भी पानी फेर दिया। गोया मतदाताओं को न तो शिक्षित व चरित्रवान राजनीतिज्ञ समझ आये न ही भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम। न ही राहुल गाँधी,आर के सिंह व प्रशांत किशोर जैसे स्पष्ट बोलने व राजनैतिक दूरदृष्टि रखने वाले संघर्षशील नेता। बल्कि राज्य की जनता जनार्दन ने मुफ़्त राशन,बैंक खातों में मुफ़्त पैसा, धर्म-जाति,परिवारवाद,अनपढ़,अपराधी जैसे मुद्दों व प्रत्याशियों के पक्ष में अपनी राय ज़ाहिर की। दरअसल आज के चतुर व शातिर राजनेता यह समझ चुके हैं बहुमत हासिल करने के लिये क्या क्या हथकंडे अपनाये जाने चाहिए। और किस तरह मतदान में 'बहुमत ' को अपने पक्ष में करना चाहिये। शायद लोकतंत्र की इसी 'त्रासदी' से प्रभावित होकर ही अल्लामा इक़बाल ने लिखा था कि -'जम्हूरियत वह तर्ज़-ए-सियासत है कि जिसमें।' 'बन्दों को गिना करते हैं,'तौला' नहीं करते।'

### सू- दोकू क्र.251

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.250 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

### शब्द सामर्थ्य -251

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 250 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## राशिफल

मेष : आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। काम को लेकर मेहनत भी अधिक रहेगी, लेकिन फिर भी आप हिम्मत नहीं हारेंगे। आप किसी नए काम को करने की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थी किसी परीक्षा की तैयारी में जुटेंगे, जिससे उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। नौकरी में आपको थोड़ा सावधान रहना होगा।

वृषभ आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आप अपने कामों को पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे और आपके अनुभवों का आपको पूरा लाभ मिलेगा। किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने के योग बनते दिख रहे हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। आपकी कला और कौशल में भी सुधार आएगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज न करें। आपको यदि कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हो, तो आप उसको लेकर पूरा धैर्य दिखाएं। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको काम को लेकर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई लिखाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छी सफलता हासिल होगी। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। पारिवारिक जीवन में कुछ उथल-पुथल बनी रहेगी, जिससे आपको थोड़ी टेंशन भी रहेगी। आप थोड़ा धैर्य बनाकर ही कामों को करें। किसी से कोई वादा सोच समझकर करें। अपने कामों को कल पर टालने से बचें। धन को लेकर आप किसी से समझौता बिल्कुल ना करें, क्योंकि आपके उस धन के वापस मिलने की संभावना बहुत कम है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

कन्या आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान होने की संभावना है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी कोई बात बनते बनते बिगड़ सकती हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल को शुभ रहेगा और परिजनों का आना जाना लगा रहेगा। राजनीति में आपको कामों से एक अच्छी पहचान मिलेगी।

तुला आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आप सरकारी योजनाओं में धन लगाएंगे, उसमें आपको अच्छे सफलता मिलेगी। वाहनों की अक्समात खराबी के कारण आपका खर्च बढ़ने की संभावना है। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चले। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

वृश्चिक आज आपके कुछ विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर सकते हैं। आज आप अपने प्रभाव से लोगों को कम दिखाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई तनाव था, तो वह भी दूर होगा। संतान के करियर को लेकर आपको टेंशन हो सकती है। आप अपनी आंखों का खास ख्याल रखें, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या उभरेगी। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

धनु आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी और किसी नई नौकरी के लिए आपको बुलावा आ सकता है। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को करने में काफी धन व्यय करेंगे, जो बाद में आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। परिवारिक रिश्तो में एकता बनी रहेगी। आप किसी अजनबी के साथ पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें और किसी घर, मकान आदि की खरीदारी के लिए आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं।

मकर आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कामों से एक नई पहचान मिलेगी और आपकी कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी। आप अपने धन और समय दोनों का सदुपयोग करें, नहीं तो बाद में आपको धन की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानकर चलना होगा, क्योंकि कुछ आपके मित्र के रूप में आपके शत्रु हो सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं।

कुंभ आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा और आप अपनी संतान को कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को अच्छी सफलता हासिल होगी। आपको कुछ नए संपर्कों से भी लाभ मिलेगा। बिजनेस में रुकी हुई डील फाइनल होने से आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी।

मीन आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलेगी और आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है, क्योंकि आप अपने कामों को लेकर थोड़ी जल्दबाजी दिखा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में आपको थोड़ा धैर्य संयम बनाए रखना होगा। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती हैं, जिसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों से माफ़ी मांगेंगे।

(अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस विशेष - 9 दिसंबर 2025)

# ईमानदारी और निर्भयता से जीना क्या इतना कष्टप्रद हो रहा?

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

जब कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार करता है तब वह केवल अपना स्वार्थ साबित नहीं करता, बल्कि वह किसी अन्य का हक अनुचित तरीके से छिनता है, देश के विकास और सुव्यवस्था में अड़चने पैदा करता है, समाज में अपराध के बीज बोता है, साथ ही अन्याय करके पीड़ितों के सपनों को कुचलता है, जिसका असर संपूर्ण अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, भ्रष्टाचार के कारण कई बार पूरे समाज को दशकों तक दुःख-दर्द झेलना पड़ता हैं। भ्रष्टाचार के कारण असंख्य मासूम जिंदगियां बर्बाद हो जाती है, संघर्षमय जीवन का चक्र अतितीव्र होते जाता हैं। सभी नागरिकों को विकसित होने का मौका मिलता है, समाज के हर वर्ग को मुख्य धारा में लाने के लिए सरकार प्रयत्नशील रहती हैं। कानून और सरकारी यंत्रणा इसके मजबूत स्तंभ है, जो हर पायदान पर नागरिकों के अधिकारों, सरकारी कार्यों एवं उपक्रमों का योग्य क्रियान्वयन कर विकास की नित नई कहानी लिखते हैं। अगर इस सुशासन में एक भी कड़ी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ कर खुद के स्वार्थ के लिए कार्य करने लगे तो, संबंधित अनेक विभागों के लिए वह नासूर का काम करता है और धीरे-धीरे पूरे विभाग को खोखला कर देता हैं। ऐसा भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी या पदाधिकारी समाज, सरकार, देश और समस्त मानवजाती का दुश्मन होता हैं। बहुत बार खबरों में देश के कई मामूली सरकारी कर्मचारी, नेता धनकुबेर जैसे अरबों का धन छुपाये बैठे है, ऐसा पता चलता हैं। हमारा समाज और हम आधुनिकता का दम भरने वाले निकृष्ट सोच वाली विचारधारा के लोग किस विश्वसनीयता के स्तर पर आ गए है? मौलिकता, नैतिकता, सहजता, जागरूकता, नीतिमत्ता, निस्वार्थता, परोपकारिता, संस्कारशीलता, ईमानदारी को छोड़कर बुराई, कपट और स्वार्थ प्रवृत्ति को तेजी से अपना रहे हैं। लोगों की सोच ऐसी बन गई है कि, अनुचित कार्य या अपराध होने पर भी लोग अपराधी का पक्ष लेने के लिए उतारू हो जाते हैं। कुछ दिन पूर्व मैं एक शख्स से मिला, उस शख्स ने पैसे को लेकर अपने विचार मुझसे साझा किये, उन्होंने कहा कि, पैसा ही भगवान है, पैसा ही सब कुछ है, चाहे वह किसी भी मार्ग से आये, पैसे से इज्जत, शोहरत, नाम होता है, हर चीज खरीद सकते है, हर कोई अपने स्वार्थ के लिए जी रहा है, तो हम क्यों ईमानदारी दिखाए? कोई नहीं पूछता कि पैसा किस मार्ग से कमाया, पैसे के लिए अपराध करों, जेल जाओ, सजा भुगतो, लेकिन पैसा आने के बाद लोग आपके अपराध भी भूल जाते है, उन्हें सिर्फ पैसा दिखाई देता हैं। लोगों की इतनी खराब सोच तो सीधे-सीधे देश में कानून व्यवस्था को झुठलाकर अपराधीकरण को बढ़ावा देनेवाली है, ऐसे में तो हर ओर जंगलराज स्थापित होगा। आज देश में इस प्रकार के विचारधारा के लोगों की तादाद तेजी से बढ़ रही हैं। देश में हम कई बार देखते है कि चुनाव में संगीन गुनाहों के अपराधी उम्मीदवार को भी जनता चुनकर लाती है और दूसरी ओर उच्च शिक्षित निरपराध ईमानदार समाजसेवी उम्मीदवार की जमानत भी जप्त हो जाती हैं।हमारे आसपास समस्याओं का अंबार लगा है, अक्सर भ्रष्टाचार और अनियमितता का बोलबाला हर ओर हम देखते है, अधिकतर लोग बुराई के खिलाफ आवाज उठाना पसंद नहीं करते। सरकारी अधिकारियों और ठेकेदारों की गैर जिम्मेदाराना हरकतों के कारण बहुत बार हादसे भी होते है, जिसमे जान-माल का भारी नुकसान होता हैं। हर साल देखते है कि, पहली बरसात में ही सड़कें सरकारी दावों की पोल खोल देती हैं। अरबों रुपये खर्च करके चलने वाली योजनाएं कुछ समय में ही दम तोड़ देती है, तय समयावधि में काम पुरे नहीं होते और उस कार्य का बजट बढ़ते जाता हैं। देश में आर्थिक विषमता की दूरी लगातार बढ़ ही रही हैं। अपने फायदे के लिए पार्टियां बदलने वाले राजनीतिक नेता दूसरों पर दोष मढ़ते हैं। सरकार के एक भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में देरी अनेक बार मासूमो की जान ले सकती है, भले ही मरने के बाद मृतक के परिवार को थोडासी आर्थिक सहायता दी जाती




हो, परंतु मृतक की जान तो लौटकर नहीं आती हैं। हमारे देश में जितने गरीब किसान आत्महत्या करते है उतने किसी भी दूसरे देश में आत्महत्या नहीं करते, इसके मुकाबले कोई भी अन्य पेशेवर व्यवसायी भी इतनी बड़ी संख्या में आत्महत्याएं नहीं करते। चाहे कितने ही घोटाले या आपराधिक गतिविधियों में नाम आ जाए फिर भी देश को चलाने वाले नेता लोग इतना तनाव भी नहीं लेते कि आत्महत्या करनी पड़े। ईमानदार व्यक्ति के हाथों अनजाने में छोटी सी भूल भी हो जाये तो बहुत पछतावा महसूस करते है, परंतु अनुचित तरीके से लाभ प्राप्त करने वाले भ्रष्ट लोग सुकून से जी कैसे लेते है? लोगों से नजरे मिलाकर स्वाभिमान से बात कैसे कर लेते है? परिवार, रिश्ते, अपनों के सामने आदर्श कैसे स्थापित करते है? क्या लोगों का जमीर मर चुका है? वस्तुएं, सेवाएं, रिश्ते-नाते में भी अब मिलावट नजर आता है, कब कौन धोखा दे जाये, कह नहीं सकते। आत्मसन्मान, इंसानियत, ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता, सामाजिक जिम्मेदारी, नैतिकता का कोई मोल नहीं बचा? लोगों को दुख देकर बदले में हम अपना सुख खरीद नहीं सकते। सुकून भरी नींद, स्वाभाविक खुशी, निस्वार्थ प्रेम, मानसिक शांति और समाधानी मन से बढ़कर जीवन में कुछ अन्य की जरुरत नही है, यही असली आनंद है, जो हमें अपने आचरण द्वारा प्राप्त होता हैं। रोजाना अखबार और समाचार चैनलों पर बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार की खबरे रहती हैं। हम सभी अपने जीवन में कभी न कभी भ्रष्टाचार का दंश झेलते हुए आगे बढे है, भ्रष्टता सम्पूर्ण व्यवस्था को खत्म करने की ताकत रखती है, अगर इसे सत्ता की ताकत मिल जायें तो उस देश को बर्बादी से कोई नहीं बचा सकता। लोग जागरूक बनें, अपने अधिकार और कर्तव्य को समझें। इंसान के रूप में जन्म लिया है तो इंसानियत का फर्ज निभाएं। दूसरे का हक छीन कर नहीं बल्कि ईमानदार और परोपकारी की भूमिका निभानी चाहिए। जो व्यक्ति जितने ऊंचे जिम्मेदार पद पर कार्यरत होता है, वह जनता के लिए उतना ही ज्यादा जवाबदेही होता है, जनता उससे नहीं बल्कि उसने जनता से डरना चाहिए, अगर अनुचित कार्य करें तो। जनता अपने कर द्वारा सरकार को आर्थिक ताकत प्रदान करती है, जनता को अधिकार है कि वह जिम्मेदार अधिकारी या नेताओ को उत्तर मांगे। अपराधी और अनुचित कार्य करने वाले लोग डरकर रहना चाहिए ना कि सभ्य और ईमानदार लोग डर-डर कर जियें। भ्रष्टाचार करनेवाला व्यक्ति तो अपने स्वार्थ के लिए लाभ मांगता है लेकिन लाभ देने वाला व्यक्ति भी अपने स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता हैं। अगर लाभ देना ही बंद कर दे तो लाभ मांगेगा किससे भ्रष्टाचारी? भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी हर नागरिक ने खुद से ही करनी होगी। अपने देश के लिए भले ही थोड़ी तकलीफ सहनी पड़े, लेकिन देश का आनेवाला भविष्य बेहतर होगा, भावी पीढ़ी को उनका हक मिलेगा। राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर सरकार द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी शाखाएं जनता के मदद के लिए तत्पर है, उनकी मदद लें। हम उनसे ऑनलाइन हेल्पलाइन नंबर, ईमेल आईडी और वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं। रिश्वत न दें, न लेने दें, सतर्क रहें। राष्ट्रहित में सहयोग करें।

## एक नजर

### सोना-चांदी चमकाने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

**जगदलपुर 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोड़ेनार पुलिस ने सोना-चांदी चमकाने का झांसा देकर ग्रामीण महिला से धोखाधडी करने वाले दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। कोड़ेनार थाना प्रभारी अमित पद्मशाली ने बताया कि 5 दिसंबर को बड़े किलेपान निवासी बिच्नान पोयाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया उनके पास सुबह लगभग 10 बजे 2 व्यक्ति घर आकर उनकी पत्नि मडडो पोयाम को पुराना सोना चांदी साफ करने के नाम पर झांसे में लिया। उनके बातों में आकर अपनी पुस्तैनी सोने का चीक माला को निकाल कर, साफकरने देने पर दोनों युवकों ने सोना चमकाने के बहाने चीक माला को गला दिये और उसका वजन कम कर दिये और सोने की कुछ मात्रा को अपने पास रख लिया। पत्नि के चीक माला को छल पूर्वक गला कर सोना का वजन कम करने व धोखाधड़ी करने की शिकायत पर पुलिस टीम ने आरोपी पवन कुमार 23 साल पूर्वी चम्पारण बिहार, रंजीत कुमार साह 28 साल निवासी शिवहर बिहार को बडे किलेपाल नम्बर 03 से पकडा। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया ।

### एनजीओ को फंड दिलाने के नाम पर सायबर ठगी

**जगदलपुर 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बोधघाट पुलिस ने एक एनजीओ को सीएसआर फंड दिलाने के नाम पर 7. 25 लाख रूपए की साइबर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि मां शारदा लोक कला मंच नामक एनजीओ चलाने वाले मिनेश पाणिग्रही ने शिकायत दर्ज कराया कि आरोपी सूर्यकांत सोनी ने अन्य आरोपी दिब्येंदु सरकार के साथ आपराधिक षड्यंत्र कर झांसा में लेकर सोशल वर्क के लिए सीएसआर फंड दिलवा देंगे कहकर उसका बैंक से लिंक मोबाइल नंबर वाला सिम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड बैंक डिटेल लेकर वेस्ट बंगाल के अन्य आरोपी को दिलवाया। इसके बाद उनके बैंक अकाउंट से अलग् अलग समय में कुल 7.25 लाख रूपए निकाल कर ठगी किया शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 318.4, 61, 3.5 बीएनएस तथा 66. डी आईटी एक्ट के तहत पुलिस की टीम आरोपी के कवर्धा स्थित मकान में दबिश देकर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी, जिस पर उसने अपराध करना स्वीकार किया। बोधघाट पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।

### जिले में पशु एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ, दुर्घटनाग्रस्त एवं बीमार पशुओं को मिलेगी समय पर सहायता

**दंतेवाड़ा, 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दंतेवाड़ा जिले में पशुओं की सुरक्षा एवं उपचार हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत ''एम्बुलेंस विथ हाइड्रोलिक स्ट्रेचर'' सेवा का आज औपचारिक शुभारंभ किया गया।कलेक्टरेट परिसर से विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में इस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाग्रस्त, बीमार एवं घायल पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर उनका समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। ''हाइड्रोलिक स्ट्रेचर'' की सुविधा से पशुओं को बिना चोट पहुंचाए एम्बुलेंस में लाने-ले जाने में आसानी होगी। कार्यक्रम में विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि यह सेवा जिले में पशु संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब सड़क दुर्घटना या किसी अन्य आपदा में घायल पशुओं को समय पर उपचार मिल सकेगा, जिससे उनके जीवन को बचाना संभव होगा। उन्होंने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे आमजनों एवं पशुपालकों के लिए लाभकारी बताया। इस अवसर पर पशुधन विभाग उप संचालक डॉ श्यामा मालवीय सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने आश्रम,छात्रावास संचालन, भवन निर्माण,छात्रवृत्ति,वन अधिकार प्रकरणों की बैठक में ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 07 दिसंबर।** कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दंतेवाड़ा सहित सभी मंडल संयोजक, उप अभियंता और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आश्रम एवं छात्रावास संचालन, भवन निर्माण, छात्रवृत्ति वितरण, वन अधिकार प्रकरणों तथा मलेरिया मुक्त अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में स्वीकृत 2000 सीटों के विरुद्ध 2000 छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित किया गया है। ऐसे में प्री-मैट्रिक छात्रावासों में रिक्त सीटों पर भी पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि किसी भी छात्र को आवास सुविधा के अभाव में पढ़ाई से वंचित न होना पड़े। उन्होंने इस संबंध में विभागाध्यक्ष को आवश्यक अर्द्धशासकीय पत्र भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि विगत दो वर्षों से लंबित सभी कार्यों को हर हाल में नियत समय पर पूर्ण करने के साथ -साथ कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जो ठेकेदार पूर्व में स्वीकृत कार्यों के बावजूद काम नहीं कर पाए हैं, उन्हें पुनः निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों को संस्थाओं में बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिले, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।

कलेक्टर श्री दुदावत ने महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में वर्गवार छात्रवृत्ति स्वीकृति की प्रक्रिया 15 दिसंबर 2025 तक पूरी कर ली जाए, जिससे किसी भी छात्र की शिक्षा आर्थिक बाधा के कारण प्रभावित न हो। साथ ही, उन्होंने वन अधिकार प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक 10 दिसंबर को आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने 08 जनवरी से प्रारंभ होने वाले छत्तीसगढ़ मलेरिया मुक्त अभियान की तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी आश्रम शालाओं और छात्रावासों में विशेष चिकित्सा दल भेजकर छात्र-छात्राओं की सघन मलेरिया जांच कराई जाएगी। मैदानी अधिकारी इसके के लिए पूर्व तैयारी, कार्ययोजना तैयार कर टीकाकरण एवं उपचार सुनिश्चित करें तथा इस अभियान में किसी भी बच्चे को नजरअंदाज न किया जाए। इस दौरान आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री राजीव नाग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में

# कलेक्टर ने गुणवत्ता सुधार, उपस्थिति निगरानी, अपार आईडी, आधार अपडेट एवं सुरक्षा मानकों के पालन के दिए कड़े निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 05 दिसंबर 2025।** जिला कलेक्टरेट के सभाकक्ष में आज स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक एवं सभी संकुल समन्वयकों ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य जिले में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान, शिक्षकों की उपस्थिति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा विद्यार्थियों की पहचान और सुरक्षा संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना रहा। बैठक की शुरुआत अपार आईडी जनरेशन की स्थिति की समीक्षा से हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि जिले के प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जाए, ताकि शैक्षणिक अभिलेखों के डिजिटलीकरण और भविष्य में छात्र ट्रैकिंग में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। शिक्षकों की उपस्थिति पंजीयन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वीएसके एप के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता दोहराई गई। उन्होंने कहा कि उपस्थिति निगरानी पूरी तरह पारदर्शी, उत्तरदायित्वपूर्ण और वास्तविक समय आधारित होनी चाहिए। यदि किसी शिक्षक को बायोमेट्रिक या नेटवर्क समस्या आती है तो उसका स्क्रीनशॉट लेकर तत्काल डीईओ कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने ऐसे विद्यालयों पर विशेष ध्यान देने को कहा जिनका प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार दिखाई दे। इसके साथ ही राष्ट्रीय पर्व एवं राजकीय आयोजनों के दौरान न्यौता भोज को जन-सहभागिता से जोड़ते हुए अधिक से अधिक समुदाय को प्रेरित करने पर भी बल दिया गया।

बैठक में विद्यार्थियों के आधार कार्ड और बायोमेट्रिक अपडेट की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना है, उनका प्राथमिकता से आधार कार्ड जारी कराया जाए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इसी क्रम में विद्यालयों के आसपास सुरक्षित और नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु उन्होंने कोटपा एक्ट के पालन के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल से 100 मीटर की परिधि में पान मसाला या तंबाकू की किसी भी दुकान का संचालन प्रतिबंधित रहेगा और किसी भी शिक्षक द्वारा धूम्रपान या तंबाकू सेवन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जेल अभिरक्षा में की गई जीवन की राजनैतिक हत्या : प्रकाश

■ 9 को आदिवासी एवं सर्व ओबीसी समाज कराएगा बस्तर संभाग बंद, करेगा प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 07 दिसंबर।** सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा है कि कांकेर जिले के चारामा तहसील अंतर्गत ग्राम मयाना निवासी सर्व आदिवासी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष दिवंगत जीवन ठाकुर की जेल अभिरक्षा में राजनैतिक सिस्टम से षड्यंत्र के तहत हत्या की गयी है। आदिवासी समाज के प्रमुखों व परिवारजनों से प्रारंभिक पूछ-ताछ में यह बात निकल कर आयी है कि, दिवंगत ठाकुर को मारने के लिए सुनियोजित रूप से वनाधिकार पट्टे को फर्जी का बहाना बनाकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रकाश ठाकुर ने मांग की है कि सर्व प्रथम वनाधिकार पट्टा की जांच कर फर्जी एफआईआर दर्ज करने वाले तहसीलदार चारामा, टी आई चारामा की भूमिका, तत्कालीन जेल अधीक्षक कांकेर की संदेहास्पद भूमिका एवं केंद्रीय जेल रायपुर में एवं मेकाहारा में झूठी ईलाज की साजिश की जांच किसी रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में विशेष जांच आयोग बनाकर किया जाए। उक्त बातें सर्व आदिवासी समाज के संभाग अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने प्रेस को जारी बयान में कही है। उन्होंने कहा कि जेल मैनुअल के अनुसार स्व ठाकुर को किस मजिस्ट्रेट के आदेश और उनके परिवार को बिना सूचना के केंद्रीय जेल रायपुर में शिफ्ट किया गया, इसे सार्वजनिक किया जाए। जब उन्हें 2 दिसंबर को केंद्रीय जेल रायपुर शिफ्ट किया गया तो 4 दिसंबर को प्रातः किसके आदेश से मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया? 2 से 4 दिसंबर प्रातः 4 बजे तक की जीवन ठाकुर की स्वास्थ्य कैसी थी इसकी प्रमाण समाज को प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि राजनैतिक हत्या की निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए सभी जिला मुख्यालय में सूचना देकर मंगलवार 9 दिसंबर को बस्तर संभाग को आदिवासी एवं सर्व ओबीसी समाज बस्तर संभाग के द्वारा बंद कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### गंभीर षड्यंत्र की आशंका

प्रकाश ठाकुर ने कहा कि सुबह 4 बजे जीवन ठाकुर की ब्लड टेस्ट प्रिस्क्रिप्शन में नाम उम्र को काट छांट किसने और क्यों किया गया है? यानी जेल में या कहीं और जगह पर ही स्व ठाकुर को मार कर दूसरे मरीज की ब्लड टेस्ट प्रिस्क्रिप्शन में काट कर जीवन ठाकुर का सुबह 4 बजे ब्लड टेस्ट की झूठी साजिश रची गई है, यह पूरा घटनाक्रम ही बनावटी है और गंभीर षड्यंत्र की ओर इशारा करता है।

# कलेक्टर ने चिकपाल से प्रतापगिरी तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया

■ कलेक्टर ने तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 07 दिसंबर।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड कटेकल्याण के अंतिम छोर स्थित ग्राम चिकपाल से प्रतापगिरी तक निर्माणाधीन पहुंच मार्ग का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना वन-1 के अंतर्गत बनाए जा रहे इस मार्ग की प्रगति की जानकारी ली। ज्ञात हो कि इस मार्ग के पूर्ण होने से सुकमा जिले के तोंगपाल नेशनल हाईवे सीधे तौर पर इससे जुड़ जायेगा। जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और इसी मार्ग पर पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुनगा जलप्रपात भी स्थित है जिससे पर्यटकों की अधिक आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिक मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य की गति तेज करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहा भी कहा कि शासन द्वारा दिए निर्देशानुसार पीएमजीएसवाय द्वारा निर्धारित रोड़ की पूर्ण कर ली जावें। तत्पश्चात बाकी बचे रोड़ निर्माण कार्य को डीएमएफ मद पूर्ण करने हेतु प्रस्ताव जल्द ही प्रेषित करें। ताकि इस मार्ग आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा चिकपाल से मारजूम (6 किलोमीटर) निर्माणाधीन मार्ग का जायजा लिया। इस मार्ग पर प्रगतिरत पुलिया निर्माण कार्यों को उन्होंने फरवरी से मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि यह मार्ग ग्रामीणों के लिए विकास की नई दिशा खोलेगा, अतः सभी कार्यों में त्वरित प्रगति लाया जाये। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ईई श्री वैभव देवांगन, तहसीलदार श्रीमती आशा मोर्य सहित क्रियान्वयन एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### पांच दशक बाद भी नहीं हो रही पाइन पेड़ों की कटाई

**जगदलपुर 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल में वन विकास निगम द्वारा जगदलपुर, कुरंदी व माचकोट वन वृत्त के 30 हजार हेक्टेयर वनभूमि पर पाइन रोपण की योजना बनायी थी और माचकोट परिक्षेत्र में साल वृक्ष को उखाड़कर करीब 800 हेक्टेयर में पाइन का रोपण किया गया था। सालों बाद माचकोट के जंगल से पाइन वृक्षों की कटाई की गयी वन विभाग ने माचकोट परिक्षेत्र के हजारों की संख्या में पाइन वृक्ष को काटकर सरगीपाल काष्ठागार में रखा था और यहां से विक्रय किया गया। जगदलपुर परिक्षेत्र में भी कटाई की जा रही थी, लेकिन बाद में बंद कर दिया गया और अब भी बड़ी संख्या में पाइन के वृक्ष मौजूद हैं, जो अब अपने आप सूखकर गिरने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1972 से 1976 के मध्य माचकोट वन परिक्षेत्र में पाइन प्लांटेशन करवाया गया था। बताया गया है कि पाइन वर्षा वनों में अधिक पनपता है, और इसकी लकड़ी को करेंसी और स्टाम्प पेपर बनाने के अलावा प्लाइवुड व माचिस कारखानों में तीली बनाने में उपयोग किया जाता है। हालांकि पाइन पेड़ से प्राप्त गोंद से तारपीन तैयार किया जाता है, लेकिन बस्तर में मौजूद पाइन पेड़ से कभी गोंद ही संग्रहण नहीं किया गया। खास बात यह है कि पाइन पेड़ के नीचे कोई दूसरी वनस्पति नहीं पनपती, बस्तर में जहां-जहां पाइन वन है, वहां पर घास तक नहीं उग रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक वन विभाग ने वर्ष 2007-08 में भी लामनी और कुच्ची जंगल में खड़े करीब 10 हजार से अधिक पाइन पेड़ों की कटाई कर नीलामी की थी। पिछले साल माचकोट परिक्षेत्र से 16 हजार से अधिक पाइन पेड़ों की कटाई कर नीलामी के लिए सरगीपाल काष्ठागार में रखा था, जिसकी बिक्री भी हो चुकी है। बताया गया है कि पाइन पेड़ों की कटाई 50 साल में कटाई करना होता है पर इन पेड़ों को विभाग ने एक बार भी कटाई नहीं करवाया था।

### ग्राम करियापहार में तेंदुए की संदिग्ध मौत के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांकेर वनमण्डल के नरहरपुर परिक्षेत्र अंतर्गत देवी नवागांव परिसर, ग्राम करियापहार में 04 दिसंबर 2025 को एक गंभीर वन्यजीव अपराध का मामला सामने आया है। कृषक शिवराम नेताम और रामचंद नेताम के खेत (खसरा नंबर 139) स्थित कुएँ में एक नर तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वनमण्डलाधिकारी कांकेर की उपस्थिति में तेंदुए के शव को कुएँ से बाहर निकाला गया। निरीक्षण के दौरान तेंदुए के चारों पैर पंजों सहित काटकर गायब पाए गए, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई।

तीन सदस्यीय चिकित्सक दल द्वारा मौके पर ही तेंदुए का पोस्टमार्टम किया गया तथा वन्य प्रोटोकॉल के अनुसार शव का दहन कराया गया। घटना की जांच हेतु अज्ञात आरोपी के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के तुरंत बाद रायपुर से राज्य स्तरीय उडनदस्ता दल की डॉग स्क्वाड टीम भी जांच में जुट गई। मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त श्री राजेश कुमार चंदेले (भा.व.से.), मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) जगदलपुर श्रीमती स्टाइला मंडावी (भा.व.से.) तथा वनमण्डलाधिकारी कांकेर श्री रौनक गोयल (भा.व.से.) के मार्गदर्शन में आरोपियों की तलाश तेज की गई। तदोपरांत आज 06 दिसंबर को जांच के दौरान ग्राम करियापहार के चार आरोपियों शत्रुघन पिता नारायण (51 वर्ष), श्रवण पिता महेंद्र (19 वर्ष), छबिलाल पिता बुधारू (35 वर्ष) और बुधारू पिता अमरसिंह (71 वर्ष) के पास से तेंदुए के काटे हुए पैर (नाखून सहित) बरामद किए गए। मौके पर ही जब्ती एवं पंचनामा तैयार किया गया। आरोपियों द्वारा पंजा काटने में प्रयुक्त सामग्री– कुल्हाड़ी, लकड़ी, कटारी, रस्सा आदि भी जब्त की गई। वन विभाग द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। जांच में ग्राम प्रमुखों का सहयोग सराहनीय रहा। वन विभाग ने इसे गंभीर वन्यजीव अपराध मानते हुए सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

### खदान मजदूर संघ किरंदुल ने एरियर्स की राशि एवं मकान आबंटन के लिए परियोजना वरिष्ठता को आधार बनाये जाने बाबत अधिशासी निदेशक को दिया पत्र

**किरंदुल 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खदान मजदूर संघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल द्वार सन 2022 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को एरियर्स की राशि प्रदाय करने एवं मकान आबंटन हेतु परियोजना वरिष्ठता को आधार बनाये जाने बाबत पत्र एनएमडीसी लिमिटेड, किरंदुल कॉम्पलेक्स के अधिशासी निदेशक को दिया गया है, जिसकी प्रतिलिपि आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, मुख्यालय हैदराबाद को प्रेषित की गई है। खदान मजदूर संघ के सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी द्वारा यह मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें यह भी उल्लेखित है कि एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या लंबित पुनरीक्षित वेतनमान की अनुमानित एरियर्स राशि की लगभग 75 फीसदी का भुगतान किया गया है, किन्तु एनएमडीसी के वे कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 2022 के बाद हुई है (जिनमें एल-01, एल-02, एल-04 वर्ग के कर्मचारी सम्मिलित हैं), उन्हें अभी तक एरियर्स की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। अतः उन्हें लंबित एरियर्स की राशि तथा समस्त कर्मचारियों को एरियर्स की शेष राशि का भुगतान शीघ्रातिशीघ्र किया जाना सुनिश्चित किया जाये। खदान मजदूर संघ द्वारा यह भी मांग की गई है कि टाईप थ्री मकानों का आबंटन परियोजना वरिष्ठता के आधार पर किया जाये।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनीतिक दलों ने किया ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है। इस तारतम्य में 05 दिसंबर 2025 को उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जिला कोषालय अधिकारी श्री चमन प्रसाद जोशी सहित अन्य निर्वाचन सुपरवाइजर श्री अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना परिवार को आर्थिक संबल देकर सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत बनाती है

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत स्व सहायता समूह दीदी के परिवार को मिला बीमा लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा, 07 दिसंबर।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना ग्रामीण महिलाओं और स्व सहायता समूह (एस.एच.जी.) की दीदियों के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच बनती जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड कुआकोंडा अन्तर्गत ग्राम अरनपुर के जीवन दीप स्वयं सहायता समूह की सदस्या सोनी मंडावी, का हाल ही में स्वाभाविक निधन हो गया था, इस तारतम्य में स्व.सोनी मंडावी, के परिवार को योजना के अंतर्गत बीमा का लाभ दिया गया। इसके अनुसार दो लाख रुपये की बीमा दावा राशि दिनांक 04 दिसंबर 2025 को उनके नामित वारिस जोगा राम मंडावी को प्रदान की गई, जिससे परिवार को कठिन समय में आर्थिक सहारा मिल सका। यह वितरण जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा तथा जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुन्ना राम कश्यप के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया में जिला परियोजना प्रबंधक उमेश पाल (वित्तीय समावेशन), ब्लॉक परियोजना प्रबंधक भजन लाल यादव तथा भारतीय स्टेट बैंक नाकुलनार शाखा के प्रबंधक रंजीत पासवान का विशेष सहयोग रहा।

इस संबंध में स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने बताया कि पहले वे बीमा के महत्व से अनजान थीं, परंतु मिशन टीम और बैंक मित्रों द्वारा निरंतर जागरूकता के बाद उन्हें यह समझ आया कि केवल वार्षिक न्यूनतम प्रीमियम में दो लाख रुपये की जीवन सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है। मिशन के अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना न केवल महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि आकस्मिक परिस्थितियों में परिवार को आर्थिक संबल देकर सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत बनाती है। इसके लिए अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से जोड़ने हेतु लगातार प्रेरणा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस तरह ÷प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों के जीवन में सुरक्षा, विश्वास और आर्थिक स्थिरता आई है। साथ ही साथ यह योजना स्व सहायता समूह के दीदियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### शिव महापुराण कार्यक्रम के लिए विशेष पार्किंग व्यवस्था, यातायात विभाग ने जारी किए निर्देश

**दंतेवाड़ा, 07 दिसंबर।** जिले में आगामी 7 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले शिव महापुराण कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात विभाग द्वारा पार्किंग व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल के आसपास आने वाले श्रद्धालुओं और आगंतुकों की सुविधा के लिए कुल चार प्रमुख पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार वीआईपी आगंतुकों के लिए पार्किंग-01 निर्धारित की गई है। वहीं बीजापुर रोड पर स्थित पार्किंग-02 कार्यक्रम स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर रहेगी। जगदलपुर-दंतेवाड़ा रोड पर बनाई गई पार्किंग-03 कार्यक्रम स्थल के सबसे निकट, लगभग 200 मीटर की दूरी पर रखी गई है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाः रायगढ़ का एक ग्राम बनेगा 'सोलर मॉडल विलेज'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 दिसम्बर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले में एक ग्राम को पूर्णतः सौर ऊर्जा आधारित सोलर मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। इस दिशा में जिला स्तरीय चयन समिति ने औपचारिक रूप से चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले के उन्हीं ग्रामों को प्रतिस्पर्धा में शामिल किया जाएगा, जिनकी जनसंख्या 5 हजार से अधिक है। चूंकि जिले में इस श्रेणी के ग्राम सीमित संख्या में हैं, इसलिए प्रशासन ने सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 ग्रामों का चयन कर उन्हें छह माह की प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया में शामिल करने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार को गति देने के लिए जिलों को निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर सौर ऊर्जा लक्ष्य को धरातल पर साकार किया जा सके।




- ■ जिला स्तरीय चयन समिति ने शुरू की चयन प्रक्रिया, 10 सर्वाधिक आबादी वाले ग्रामों में अगले छह माह चलेगी प्रतिस्पर्धा
- ■ सौर संयंत्र स्थापना, जनजागरूकता, सामुदायिक भागीदारी और नवाचार पर तय होगा मॉडल विलेज का चयन

रायगढ़ जिले में केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में प्रतियोगिता के लिए चयनित 10 ग्राम ग्राम पंचायतों में घरघोड़ा विकासखंड का ग्राम कुडुमकेला, तमनार विकासखंड का ग्राम तमनार, रायगढ़ विकासखंड का ग्राम खैरपुर, धरमजयगढ़ विकासखंड का ग्राम विजयनगर, तमनार विकासखंड का ग्राम तराईमाल, लैलूंगा विकासखंड का ग्राम गहनाझरिया, पुसौर विकासखंड का ग्राम गढ़मरिया, धरमजयगढ़ विकासखंड का ग्राम छाल, पुसौर विकासखंड का ग्राम सिसरिंगा, और पुसौर विखं का ग्राम कोडातराई। इन्हीं ग्रामों में से एक ग्राम जिले का पहला सोलर मॉडल विलेज बनेगा। जिले के सभी विकासखंड से ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। इन ग्रामों में अब अगले छह माह तक सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, जनजागरूकता अभियान चलाने, घरेलू एवं सामुदायिक सौर संयंत्रों की स्थापना, तथा योजनाओं के लिए ग्रामीणों द्वारा किए जाने वाले आवेदनों की सतत समीक्षा की जाएगी। इस प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक चयनित ग्राम में आदर्श ग्राम समिति गठित की जा रही है, जिसमें सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, डॉक्टर, कृषि विस्तार अधिकारी तथा संबंधित शासकीय अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

## समाचार संक्षेप

### आरएडब्ल्यूई के तहत चना फसल का प्रयोगात्मक प्लॉट प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 7 दिसंबर।** आरएडब्लयूई कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुरूद के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम बानगर में 10 डिसिमल क्षेत्र में चना फसल का प्रयोगात्मक प्लॉट आधारित प्रदर्शन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस वैज्ञानिक फील्ड-एक्सपेरिमेंट का मुख्य उद्देश्य किसानों को चना फसल में विभिन्न जैविक एवं रासायनिक बीज उपचार तकनीकों के अंतर एवं प्रभावों से अवगत कराना था।

प्रयोग के लिए कुल 10 डिसिमल क्षेत्र को 8 प्लॉट्स में विभाजित कर प्रत्येक प्लॉट में अलग-अलग प्रकार से बीज उपचार कर चना फसल की बुवाई की गई। इन प्लॉट्स में ट्राइकोडर्मा, चैठ, बेसिलस आधारित जैव-उपचार, राइजोबियम, थियोफेनेट मिथाइल, स्युडोमोनास फ्लुरोसेनट, पारंपरिक बीजामृत तथा नियंत्रण (बिना उपचार) शामिल थे। इन विविध तकनीकों से उपचारित बीजों के अंकुरण प्रतिशत, पौधों की बढ़वार, रोग-नियंत्रण क्षमता एवं समग्र फसल प्रदर्शन का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। इस प्रयोग से किसानों को बीज उपचार की वैज्ञानिक आवश्यकता, रोग-नियंत्रण में जैविक एवं रासायनिक उपचारों की उपयोगिता, तथा नियंत्रण एवं उपचारित प्लॉट्स के बीच स्पष्ट अंतर को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों को भी फील्ड-प्रयोग की डिजाइन, स्थापना और प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

यह कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुरूद के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा के मार्गदर्शन, डॉ. भूमिका हतिया (कार्यक्रम समन्वयक) के निर्देशन तथा विनोद मरकाम एवं डॉ. हरीश कुंवर के सहयोग से सम्पन्न हुआ। ऋ्रुश्च कार्यक्रम के इस प्रयोगात्मक प्रदर्शन ने किसानों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 11 को

**धमतरी, 7 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति, जिला पंचायत धमतरी की बैठक आगामी 11 दिसंबर को आहूत की गई है। सभापति, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की अध्यक्षता में यह बैठक दोपहर 12 बजे से कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी में आहूत की गई है। इस मौके पर जिले में धान खरीदी, धान खरीदी लिमिट को बढ़ाने, सहकारी समितियों में टीना शेड,शौचालय निर्माण, शक्कर, मिट्टीतेल वितरण, धान के रख-रखाव एवं विपणन, टोकन प्रक्रिया को सरलीकृत करने सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### ऋण वसूली शिविर का आयोजन 9 से 19 तक

**धमतरी, 7 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित विकलांग स्वरोजगार योजना एवं राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली के लिए जिले में 9 से 19 दिसंबर तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि 9 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक कलेक्टोरेट प्रथम तल कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी धमतरी में शिविर लगाया जाएगा।

## एक नजर

### वॉटरशेड महोत्सवः जल संरक्षण पर रील बनाएं, जीतें 50 हजार रुपये का पुरस्कार

**रायगढ़, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल संरक्षण और वॉटरशेड विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भूमि संसाधन विभाग द्वारा वॉटरशेड महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव के अंतर्गत रायगढ़ जिले में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के साथ सोशल मीडिया प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता 31 दिसम्बर 2025 तक सक्रिय रहेगी। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक प्रतिभागी जल संचय संरचनाएँ, बागवानी, कृषि वानिकी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी 1.0 एवं 2.0) सहित जलग्रहण योजनाओं से निर्मित संरचनाओं और उनसे लाभान्वित हितग्राहियों को दर्शाते हुए 30 से 60 सेकंड का लघु वीडियो, रील या फोटो तैयार कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को विभागीय पोर्टल https://wdcpmksy-dolr.in पर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा तथा अपने कंटेंट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निर्धारित हैशटैग के साथ पोस्ट करना अनिवार्य रहेगा। प्रतियोगिता अवधि समाप्त होने के बाद प्रतिभागियों को 31 जनवरी 2026, शाम 6 बजे तक अपने पोस्ट के रिच, व्यू, एंगेजमेंट, लाइक एवं कमेंट का स्क्रीनशॉट पोर्टल पर अपलोड करना होगा। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट पर पर उपलब्ध है। विभाग द्वारा सर्वश्रेष्ठ रील के लिए 50 हजार रुपये तथा सर्वश्रेष्ठ फोटो के लिए 01 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। विजेताओं का चयन रीच, एंगेजमेंट, रचनात्मकता और मौलिकता के आधार पर किया जाएगा।

### जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में अस्थायी प्रशिक्षक के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन

**रायगढ़, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी, रायगढ़ द्वारा जल वितरण संचालक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु अस्थायी प्रशिक्षक (इम्पैनलमेंट) के लिए योग्य आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कोर्स के लिए आवश्यक योग्यता एवं प्रमाण-पत्र से संबंधित विवरण कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है, जिसे इच्छुक उम्मीदवार अवलोकन कर सकते हैं। केवल सीआईटीएस सर्टिफाईड प्लम्बिंग कोर्स के प्रमाण-पत्र धारक ही आवेदन के पात्र होंगे। योग्य उम्मीदवार निर्धारित तिथि तक कार्यालय में सीधे अपना आवेदन जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय पर केआईटी कालेज के पास अग्रसेन आईटीआई के बगल गढ़उमरिया रोड रायगढ़ स्थित जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज, सोसायटी में संपर्क कर सकते है।

### वार्ड-43 में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 15 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ.ग.सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत नगर निगम



क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 बरमुड़ा के शासकीय उचित मूल्य दुकान के नवीन संचालन हेतु 15 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए है। पूर्व में वार्ड क्रमांक 45 भगवानपुर हेतु आवेदन मंगाए गए थे, जिसमें संशोधन किया गया है। उक्त आवेदन अब वार्ड क्रमांक 43 बरमुड़ा के लिए मंगाए गए है। दुकान संचालन के इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा, रायगढ़ में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाईः 3 दिनों में 7 प्रकरणों से 7,290 क्विंटल धान जब्त

# अब तक 116 प्रकरणों में 27 हजार 739 क्विंटल धान की हुई बरामदगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बीते तीन दिनों के भीतर अवैध भंडारण के 7 नए प्रकरणों में 7,290 क्विंटल धान जब्त किया गया है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। प्रशासन की अब तक की कार्रवाई में कुल 116 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 27,738.80 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। यह अभियान जिले में अवैध धान भंडारण और नियम विरुद्ध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्पष्ट कहा कि शासन की धान खरीदी नीति में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध भंडारण करने वालों पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने किसानों और व्यापारियों से अपील की कि वे शासन की नीति का पूर्ण पालन करें और किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहें, अन्यथा विधि अनुसार कठोर कदम उठाए जाएंगे।



### इन स्थानों पर हुई कार्रवाई



विकासखण्ड खरसिया के ग्राम-गोड़बोरदी में पीयूष गबेल के गोदाम में रखे 224 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसी तरह विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम-सोखामुड़ा में रामकुमार मांझी के यहां 60 क्विंटल धान भंडारित पाया गया। ग्राम-लिप्ती में अन्नपूर्णा राईस मिल में अवैध रुप से रखे 350 क्विंटल धान, ग्राम-पोढीछाल में ज्ञानदास के यहां 220 क्विंटल, ग्राम-दुर्गापुर में शंकर महंत के द्वारा पिकअप वाहन में 36 क्विंटल धान परिवहन करते पाया गया। इसी तरह विकासखण्ड पुसौर में औचक निरीक्षण के दौरान ग्राम-सुपा में एग्रो राइस में 4400 क्विंटल एवं विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम-तरेकेला में ज्योति अग्रवाल के के गोदाम में 2000 क्विंटल धान अवैध भंडारित पाया गया।

### केशला सहकारी समिति में पुराना धान लाते पकड़ा गया कृषक

**रायगढ़, 6 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में धान खरीदी की पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर लगातार कड़ाई व विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज 05 दिसंबर को सेवा सहकारी समिति केशला में निरीक्षण के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया, जिसमें कृषक द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन लेकर लाए गए धान की गुणवत्ता और उसकी वास्तविकता पर संदेह उत्पन्न हुआ। जिला स्तरीय एवं उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारियों ने जब संबंधित धान की जांच की, तो पाया गया कि कृषक हिमांचल चौहान द्वारा लाया गया धान पुरानी रबी फसल का है। निरीक्षण में धान की नमी मात्र 12.2 प्रतिशत पाई गई, जबकि मौके पर कृषक ने स्वयं स्वीकार किया कि धान पूर्व सीजन का है। यह जानकारी तुरंत उच्च अधिकारियों को दी गई और तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी लैलूंगा को मौके पर बुलाया गया। तहसीलदार लैलूंगा द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान स्पष्ट हुआ कि हिमांचल चौहान ने मोबाइल ऐप के माध्यम से 100 क्विंटल का टोकन कटवाकर धान लाया था। जब पुराने धान को नियमों के अनुसार जप्त किया गया, तो कृषक द्वारा न केवल सहयोग से इंकार किया गया, बल्कि समिति परिसर में अभद्र व्यवहार भी किया गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कृषक ने जप्त धान और ट्रैक्टर को पेट्रोल डालकर जलाने की धमकी तक दे डाली। इसके बाद वह मौके से धान और ट्रैक्टर वहीं छोड़कर फरार हो गया।

# कलेक्टर ने किया कमार जनजाति आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

## बच्चों की शिक्षा और सुविधाओं के उन्नयन पर दिया विशेष जोर



**धमतरी, 7 दिसंबर।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गुरुवार को नगरी विकासखंड के दौरे के दौरान विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बच्चों के लिए संचालित बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय बातचीत करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद, दिनचर्या, नाश्ता-भोजन तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं, अटल टिंकरिंग लैब, कंप्यूटर कक्ष और अन्य संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने छात्रों से कंप्यूटर एवं तकनीक से जुड़े प्रश्न भी पूछे और शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को भविष्यउन्मुख विषयों, नवीन तकनीकों और डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के प्रयास और तेज किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए स्पोकन इंग्लिश और संवाद कौशल के नियमित अभ्यास पर जोर दिया, ताकि बच्चे प्रतियोगी माहौल में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

कलेक्टर मिश्रा ने विद्यालय परिसर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामों और जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### नवंबर में राशन से वंचित हितग्राहियों को 2 माह का राशन प्रदान करे सरकार : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद, 7 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माह नवंबर में सोसायटी प्रबंधक व सेल्समेन के हड़ताल के कारण जिले भर के हजारों राशन दुकानों में चावल वितरण कार्य प्रभावित हुआ। सेल्समेन के हड़ताल पर चले जाने से जिले के लगभग 20 हजार गरीब परिवारों को नवंबर माह का खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया है। अतः नवंबर माह के छूटे हुए हितग्राहियों को दिसंबर व नवंबर का चावल एक साथ प्रदान करने की मांग पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार से की है। चंद्राकर ने कहा कि जिले में 3 लाख 21 हजार 489 बीपीएल कार्डधारी उपभोक्ता हैं। 3 नवंबर से सोसायटी प्रबंधकों के साथ सेल्समेन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। नवंबर माह में सेल्समेनों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले भर के सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित राशन दुकानों में चावल, शक्कर, नमक आदि का वितरण नहीं हो पाया था। महिला समूहों द्वारा संचालित राशन दुकानों में चावल वितरण हुआ था। उसके बाद भी 20 हजार कार्डधारियों को राशन का वितरण नहीं हो पाया है। नवंबर माह में हड़ताल के कारण गरीब उपभोक्ताओं को राशन से वंचित होना पड़ा। नवंबर माह में गरीब परिवारों को राशन नहीं मिलने से बाजार से महंगे दाम में चावल खरीदकर अपने बच्चों का पेट भरना पड़ा। गरीब परिवार के लोग शासकीय राशन के भरोसे ही अपना परिवार का भरण पोषण करते हैं। एक माह का राशन नहीं मिलने से आर्थक रूप से कमजोर परिवारों के समक्ष जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई थी। बाजार में अधिक दर पर चावल खरीद कर घर चलाना पड़ा।



- ■ सेल्समेनों के हड़ताल के कारण नवंबर में 20 हजार बीपीएल हितग्राही हुए राशन से वंचित

### छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष ने धमतरी में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण योजनाओं की समीक्षा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 7 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक लेकर खाद्य सुरक्षा, मध्यान्ह भोजन तथा पोषण आहार योजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि प्रत्येक हितग्राही तक समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न और पोषण सामग्री पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन वितरण में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। उन्होंने फोर्टीफाइट चावल के गुण एवं उसे पकाने की विधि संबंधी पोस्टर सभी राशन दुकानों में लगाने कहा। बैठक में सचिव, राज्य खाद्य आयोग राजीव जायसवाल, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा मौजूद थे। शर्मा ने कहा कि आँगनबाड़ी केंद्रों और छात्रावासों का सतत् निरीक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि बच्चों को प्रदत्त पोषण आहार की गुणवत्ता और मात्रा का सही आंकलन हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कुपोषण उन्मूलन के लिए आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों को सक्रिय रूप से फील्ड में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी योग्य हितग्राही को योजनाओं से वंचित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि बच्चां को आंगनबाड़ी केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न करे, अन्यथा दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी ने जिले में संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, खाद्यान्न वितरण की प्रगति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था तथा पोषण आहार आपूर्ति की विस्तृत जानकारी दी।

## ■ खरसिया क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों की संयुक्त टीम की औचक जांच, नशीली दवाओं की बिक्री में मिली गंभीर अनियमितताएँ

# अधिनियम उल्लंघन और रिकॉर्ड में भारी कमी, दो मेडिकल स्टोर को नोटिस

- ■ बिना पर्ची नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने किया जा रहा सतत निरीक्षण
- ■ कलेक्टर के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 दिसम्बर।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में खरसिया क्षेत्र में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोरों की संयुक्त औचक जांच की गई, जिसमें नशीली दवाओं की अनियमित बिक्री को लेकर गंभीर तथ्य सामने आए। यह कार्रवाई खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उस शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें बिना पर्ची नशीली दवाओं की बिक्री की जानकारी मिली थी।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में संबंधित विभाग को जिले के शहरी, कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधात्मक दवाओं, नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने और सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। हाल ही में जिले के प्रभारी सचिव ने भी समीक्षा बैठक में आवश्यक चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा राजेश मेडिकल, टी.आई.टी. कॉलोनी खरसिया, आशोक मेडिकल, अमरनाथ चौक, दीपक मेडिकल स्टोर, रेलवे स्टेशन रोड, तथा भागवत मेडिकल स्टोर, रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण किया।



प्रारंभिक जांच के दौरान राजेश मेडिकल में दो नशीली दवाओं कोरेक्स, कोफविक्सकृका डॉक्टर के पर्ची के बिना बिक्री पाया गया, जिसके कारण स्टोर संचालक को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियम 1945 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इसी प्रकार भागवत मेडिकल स्टोर में नशीली दवाओं का विक्रय रिकॉर्ड एवं डॉक्टर की पर्ची मौके पर उपलब्ध नहीं पाई गई। रिकॉर्ड में भारी कमी को गंभीर मानते हुए यहां भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। टीम ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार की नशीली दवा बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के न बेचें तथा रिकॉर्ड संधारित करना अनिवार्य है। साथ ही सिरिंज जैसी चिकित्सीय वस्तुओं के बिल सहित विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस कार्रवाई में खाद्य एवं औषधि निरीक्षक अमित राजोरिया, विजय कुशवाहा, सुश्री साविता रानी, प्रवीण तिवारी एसडीएम खरसिया तथा प्रमात पटेल एसडीओपी खरसिया उपस्थित थे।

# घरघोड़ा में जिला पंचायत सीईओ ने की योजनाओं की गहन समीक्षा

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीति और फील्ड मॉनिटरिंग पर विशेष जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 दिसम्बर।** जनपद पंचायत घरघोड़ा के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे की अध्यक्षता में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सहित सभी प्रमुख विभागों के शाखा प्रभारियों एवं पंचायत सचिवों ने भाग लिया। सीईओ पठारे ने प्रत्येक योजना की वर्तमान प्रगति का बिंदुवार मूल्यांकन करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी कार्य सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीति बनाने के निर्देश

सभी शाखा प्रभारियों एवं सचिवों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागीय लक्ष्यों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करें, बाधाओं की पहचान कर उन्हें दूर करने के उपाय प्रस्तावित करें और निर्धारित समय में अपेक्षित उपलब्धियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के सफल संचालन के लिए योजनाबद्ध रणनीति और टीम भावना अत्यंत आवश्यक है। जिला पंचायत सीईओ पठारे ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में जनपद स्तर के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए।

**फील्ड मॉनिटरिंग पर होगा फोकस :** जिला पंचायत सीईओ पठारे ने कहा कि लक्ष्यों के अनुरूप बेहतर परिणाम तभी संभव हैं, जब फील्ड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग और निरीक्षण सुनिश्चित हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मैदानी भ्रमण बढ़ाएं, योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आंकलन करें और उत्पन्न समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का किया जाएगा आयोजन

**बालोद, 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मागदर्शन में जिला प्रशासन बालोद और शिक्षा विभाग के तत्वाधान में बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का आयोजन किया जाएगा। बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 आयोजन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना है। बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में बताया गया कि बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 में जिले के चयनित विद्यार्थी अपने नवाचारी विज्ञान मॉडल प्रस्तुत करेंगे, जिससे जिले में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सृजनात्मकता को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के लिए जिले से कुल 1589 आइडियाज प्राप्त हुए, जिनमें से स्क्रूटनी के बाद 250 मॉडल का चयन किया गया है। इन मॉडलों को कक्षा 6वीं से 8वीं, कक्षा 9वीं एवं 10वीं तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं सहित कुल तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। समीक्षा बैठक में टेक्नोफेस्ट 2.0 के नोडल पंकज सोनी, कार्यक्रम समन्वयक लोचन देशमुख, जरीन खान सहित विभिन्न विभागों के नोडल आरएन देशमुख, एन के यादव, अमित श्रीवास्तव, अशरफ तिगाला, सूर्यकांत सिन्हा, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसंबर तक

**रायपुर,07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अदम्य साहस, शौर्य, वीरता और बुद्धिमत्ता का परिचय देने वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु प्रतिष्ठित राज्य वीरता पुरस्कार÷ के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बालक-बालिकाओं को समर्पित है, जिन्होंने किसी विशेष घटना में निःस्वार्थ भाव से किसी जीवन को बचाने या गंभीर क्षति से संरक्षित करने का साहसिक कार्य किया हो। पुरस्कार के लिए पात्रता में आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम होना अनिवार्य है तथा घटना की अवधि 1 जनवरी 2025 से 15 दिसंबर 2025 के बीच की होनी चाहिए। चयनित बच्चों को 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 20 दिसंबर 2025 तक संबंधित जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सीईओ जिला पंचायत ने की विभागीय योजना अंतर्गत पंचायतों में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा

**राजनांदगांव 07 दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागीय योजना अंतर्गत पंचायतों में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामवार एवं ब्लॉकवार प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, 15वें वित्त आयोग, जिला एवं जनपद पंचायत विकास योजना, लोक शिक्षण मद, समग्र शिक्षा योजना, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, सांसद क्षेत्र एवं विधायक क्षेत्र विकास योजना एवं अन्य योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की जानकरी ली। सीईओ जिला पंचायत ने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को निरस्त कर वसूली की कार्रवाई करने कहा। साथ ही सीसी रोड, नाली निर्माण, मंच निर्माण, शेड निर्माण सहित अन्य छोटे-छोटे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर यूसी एवं सीसी कार्यालय जिला पंचायत में प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए एवं निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने कहा। मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन मरम्मत का प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करने कहा गया। बैठक में जिला पंचायत के अधिकारी एवं जनपद पंचायत के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी, सहायक अभियंता एवं उप-अभियंता तथा तकनीकी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएमएफसे एक दिन मॉडल जिला बनेगा कोरबा: मंत्री लखनलाल देवांग

**रायपुर,07 दिसंबर।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, आबकारी, सार्वजनिक उपक्रम एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान स्वीकृत कार्यों की प्रगति, किए गए कार्यों की कार्योत्तर स्वीकृति तथा आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार क्षेत्र श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर के प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जबकि पदेन अध्यक्ष कलेक्टर श्री अजीत वसंत, वनमंडलाधिकारी कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, कटघोरा के डीएफओ श्री कुमार निशांत, आयुक्त




नगर निगम श्री आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, सांसद-विधायक प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती माधुरी सोम, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे सहित अन्य विभागीय अधिकारी बैठक में सम्मिलित हुए।

बैठक में डीएमएफअंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिले के समग्र विकास में डीएमएफ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं और यदि यही गति बनी रही, तो कोरबा शीघ्र ही एक मॉडल जिले के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि डीएमएफ के माध्यम से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पौष्टिक आहार, पीवीटीजी समुदाय को रोजगार, नीट की कोचिंग जैसी जनहितैषी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे आमजन की आवश्यकताओं का समाधान भी होगा और क्षेत्र के समग्र विकास को मजबूती भी मिलेगी। उन्होंने डीएमएफ के माध्यम से शहर के सड़कों में डामरीकरण करने, बेलगरी बस्ती क्षेत्र में पुल और सड़क का निर्माण कर यातायात को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री देवांगन ने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए डीएमएफ राशि का प्रावधान सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की भी मंशा है कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो और जनता को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध हों। कलेक्टर एवं जिला प्रशासन इस दिशा में कार्य कर रहा है तथा डीएमएफ का उपयोग उच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए, निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों और गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विभागीय कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर समय पर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशन में बुका-सतरेंगा एवं झोराघाट क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे कोरबा जिले की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी।

बैठक में वर्ष 2025-26 के महत्वपूर्ण कार्यों, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के प्रावधानों, न्यास राशि के उपयोग, विभिन्न वित्तीय प्रगतियों तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

### धान उपार्जन केंद्रों में बेहतर व्यवस्थाओं , पारदर्शी प्रक्रिया और सुविधाओं से संतुष्ट हुए किसान

# धान उपार्जन केंद्रों में बेहतर व्यवस्था से किसानों के लिए धान विक्रय हुआ आसान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 07 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया गया है। शासन के निर्देशों के अनुरूप प्रदेशभर के धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। इसका सकारात्मक परिणाम यह है कि किसान बिना किसी बाधा के सुगमता से अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं।

इसी क्रम में सरगुजा जिले के अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम मुडेसा निवासी किसान श्री मीना राम विश्वकर्मा ने धान खरीदी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनकी 1 एकड़ 16 डिसमिल भूमि से उत्पन्न 21 क्विंटल धान को वे मेंड्राकला उपार्जन केंद्र में बेचने पहुंचे, जहां उन्हें टोकन कटाने से लेकर धान की तौल तक किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। किसान श्री विश्वकर्मा ने बताया कि उपार्जन केंद्र पहुंचते ही नमी परीक्षण, गुणवत्ता जांच और अन्य प्रक्रियाएं तत्काल पूर्ण कर ली गईं। केंद्र में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध था और धान की तौल पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिल रहा है, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ हो रहा है और उनकी आय में वृद्धि हुई है। श्री विश्वकर्मा ने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा शासन के निर्देशों के अनुसार सभी उपार्जन केंद्रों में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, नमी मापक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, टोकन प्रणाली और पर्याप्त बारदाने जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया गया है। निरंतर निरीक्षण और मॉनिटरिंग के कारण खरीदी कार्य पूरी तरह सुचारू और पारदर्शी रूप से संचालित हो रहा है, जिससे किसानों को कहीं भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

## सुचारू धान खरीदी व्यवस्था से आत्मनिर्भर बन रहे किसान

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान उपार्जन को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक असर अब ग्रामीण इलाकों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। धमतरी जिला के नगरी विकासखंड के सहकारी समितियों में इस वर्ष की धान खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए राहतभरी साबित हो रही है। इसी का प्रमाण ग्राम सांखरा के किसान श्री तुकाराम साहू की सफलता है, जिन्होंने धान विक्रय से मिली आय से अपने परिवार के लिए नया घर बनवाया और अब इस वर्ष प्राप्त होने वाली राशि से घर की प्लास्टरिंग व फिनिशिंग कार्य करने की तैयारी में हैं। किसान श्री तुकाराम साहू ने इस वर्ष 56 क्विंटल धान नगरी सहकारी समिति केंद्र में बेचा। वे बताते हैं कि पिछले वर्ष सरकार की समयबद्ध खरीदी एवं भुगतान व्यवस्था ने उनके आर्थिक हालात को मजबूत किया। उसी आय ने उन्हें नया घर बनाने के लिए संबल दिया। श्री तुकाराम कहते हैं कि सरकार की पारदर्शी खरीदी व्यवस्था न होती, तो मेरा घर बनना मुश्किल था। समय पर हुई आय ने जीवन बदल दिया। धान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि इस बार बारदाना तुरंत उपलब्ध हो रहा है, तुलाई बिना किसी देरी के की जा रही है और केंद्र का पूरा स्टाफ सहयोगी एवं किसान-हितैषी व्यवहार कर रहा है। उनके अनुसार, खरीदी प्रक्रिया इतनी सरल और व्यवस्थित है कि किसी तरह की परेशानी नहीं आ रही। नगरी विकासखंड के धान खरीदी केंद्रों की सुचारू कार्यप्रणाली ने किसानों का विश्वास शासन की कृषि नीतियों के प्रति और मजबूत किया है। ग्रामीण अंचल में ऐसी सफल कहानियाँ बता रही हैं कि सही दिशा में किए गए प्रयास किसानों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रहे हैं। सरकार की किसान-उन्मुख नीतियाँ, पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान व्यवस्था किसानों की आर्थिक प्रगति का आधार बन रही हैं। श्री तुकाराम साहू जैसे किसान यह साबित कर रहे हैं कि सुविधा, संबल और मेहनत मिलकर सपनों को साकार कर सकती है।



# वन मंत्री के निर्देश पर तेंदुआ शिकार प्रकरण में त्वरित कार्रवाई, चार आरोपी किए गए गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,07 दिसंबर।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप के सख्त निर्देशों के बाद कांकेर जिले में तेंदुआ शिकार प्रकरण पर वन विभाग ने तेज और प्रभावी कार्रवाई की। नरहरपुर परिक्षेत्र के देवी नवांगांव के पास 4 दिसम्बर को एक नर तेंदुआ मृत अवस्था में मिला था। तेंदुए के चारों पैर कटे हुए पाए गए, जिससे अवैध शिकार और अंग तस्करी की आशंका की पुष्टि हुई। सूचना मिलते ही वन अमले ने मौके पर पहुंचकर कूंए से तेंदुए के शव को बाहर निकाला तथा पशु चिकित्सकों की टीम से पोस्टमार्टम कराकर आवश्यक पंचनामा तैयार कराया गया। घटना को गंभीर मानते हुए अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। वन मंत्री श्री कश्यप के निर्देशों के अनुरूप वरिष्ठ अधिकारियों मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री जगलदेव मंडावी तथा वन संरक्षक राजेश कुमार चंदेल के मार्गदर्शन में आरोपियों की सतत तलाश की गई। विभाग की विशेष टीम ने आज 6 दिसंबर को चार आरोपियों को



गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी में शखुदन पिता नारायण उम्र 51 वर्ष, श्रवण पिता महेंद्र उम्र 19 वर्ष, छबिलाल पिता बुदराम उम्र 35 वर्ष और बुदराम पिता अमरसिंह उम्र 71 वर्ष शामिल है। गिरफ्तार इन आरोपियों के पास से तेंदुए के कटे हुए चार पैर (नाखून सहित) बरामद किए गए। शिकार में उपयोग की गई कुल्हाड़ी, रस्सी, लकड़ी आदि सामग्री भी जब्त की गई। पूरे प्रकरण को वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। जांच में ग्राम कोटवार, पटेल और स्थानीय ग्रामीणों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने टीम की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अवैध शिकार में संलिप्त व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### कलेक्टर ने धान खरीदी के मद्देनजर समिति प्रबंधकों एवं पटवारियों की ली बैठक

**राजनांदगांव 07 दिसंबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर समिति प्रबंधकों एवं पटवारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रवार धान खरीदी, रकबा समर्पण एवं अन्य व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों का धान प्राथमिकता से पहले खरीदे। ऐसे किसान जिन्होंने निर्धारित रकबा तक अपने धान की बिक्री कर दी है, उनके रकबा समर्पण के कार्य में गति लाएं। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों एवं पटवारियों से कहा कि ईमानदारी एवं प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करें। किसान रकबा समर्पण के लिए स्वप्रेरित होकर स्वयं रकबा समर्पण कर रहे हैं। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों, पटवारियों एवं अन्य अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने के लिए कहा।

### चालकों के कौशल परीक्षण की प्रक्रिया का भी अवलोकन कराया

# परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने आईडीटीआर का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 07 दिसंबर।** परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज नवा रायपुर स्थित आईडीटीआर (इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च) तेंदुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिवहन सचिव श्री एस. प्रकाश, संयुक्त परिवहन आयुक्त श्री यू.बी.एस. चौहान और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री श्री कश्यप को आईडीटीआर के संचालन, प्रशिक्षण व्यवस्था, ऑटोमोबाइल लैब और वाहन सिमुलेटर के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण की विस्तृत



जानकारी दी। उन्होंने क्लासरूम एवं लैब प्रशिक्षण के साथ ही ड्राइविंग ई-ट्रैक में चालकों के कौशल परीक्षण की प्रक्रिया का भी अवलोकन कराया। इस दौरान मोटरसाइकिल और भारी वाहनों के माध्यम से ड्राइविंग टेस्ट का प्रदर्शन किया गया। मंत्री श्री कश्यप ने राज्य के विभिन्न जिलों से प्रशिक्षण के लिए आए वाहन चालकों से चर्चा की। चालकों ने बताया कि यहां उन्हें वाहन संचालन के साथ-साथ बुनियादी तकनीकी ज्ञान, ड्राइविंग कौशल में सुधार और मोटरयान अधिनियम एवं नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। मंत्री ने परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया कि रायपुर और आसपास के जिलों के अधिक से अधिक वाहन चालकों को प्रशिक्षण और रिफ्रेशर कोर्स के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन के कारण जिन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जा रहे हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से आईडीटीआर में प्रशिक्षण दिलाया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसके साथ ही श्री कश्यप ने स्कूल बस चालकों के नियमित प्रशिक्षण और रिफ्रेशर कोर्स को अनिवार्य रूप से निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री कश्यप ने आगे कहा कि राज्य शासन के विभिन्न विभागों में ड्राइवर भर्ती प्रक्रिया के दौरान ड्राइविंग परीक्षण आईडीटीआर के माध्यम से कराए जाएं, ताकि उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं का उपयोग करते हुए कुशल वाहन चालकों का चयन सुनिश्चित किया जा सके।

## मुख्यमंत्री साय से हल्बा-हल्बी समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर,07 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ हल्बा-हल्बी समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री श्री साय को अवगत कराया कि समाज की ओर से 27 दिसंबर 2025 को दुर्ग के पुलगांव में समाजिक सम्मेलन एवं शक्ति दिवस समारोह, तथा 20 जनवरी 2026 को रायपुर में क्रांतिकारी अमर शहीद गेंद सिंह जी के 201वीं शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री श्री साय को दोनों महत्वपूर्ण आयोजनों में सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए हल्बा-हल्बी समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और समाज के सांस्कृतिक गौरव एवं प्रेरणादायी इतिहास की सराहना की। उन्होंने दोनों आयोजनों की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।



## समाचार संक्षेप

### मजदूर कल्याण की योजनाएं अंतिम छोर के मजदूर तक पहुंचे: योगेश दत्त मिश्रा

**रायपुर 07 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने श्रमिक कल्याण की योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने हेतु प्रदेश के विभिन्न जिलों का व्यापक दौरा किया, इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, कार्यकर्ताओं व मजदूरों से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार द्वारा मजदूर कल्याण की योजनाओं से अवगत कराया तथा प्रत्येक क्षेत्र के मजदूरों के लिए चल रही श्रमिक कल्याण की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि देश की आबादी का लगभग 45त्न हिस्सा मजदूरों का है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा देने, उनके जीवन स्तर , स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उन्नति के लिए अनेक योजनाएं चल रही हैं । जिनके प्रचार प्रसार व योजनाओं से वंचित मजदूरों को जोड़ने का भागीरथ प्रयास कार्यकर्ता बंधुओं को करना होगा, जिससे वंचित वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके । देश के प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा प्रारंभ किए गए मजदूर कल्याण की योजनाएं एक-एक मजदूर तक पहुंच सके । श्री मिश्रा ने अपनी विज्ञप्ति में बताया कि इस दौरान वे बिलासपुर कोरबा अंबिकापुर जिले का भ्रमण कर उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें निर्देशित किया कि श्रमिक कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । इस दौरान उन्होंने भवन संनिर्माण, असंगठित कर्मकार, सामाजिक सुरक्षा मंडल,छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की और प्राप्त आवेदन एवं निराकृत आवेदनों का ब्यौरा लिया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया । श्री मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में बैठी विष्णुदेव साय सरकार श्रमिक कल्याण हेतु दृढ़ संकल्पित होकर सभी जनहित की योजनाओं को अंतिम छोर के मजदूर के जीवन स्तर को उठाने के लिए लाभदायक हो सके, इस हेतु प्रयासरत है । सभी जिलों में श्री योगेश दत्त मिश्रा का कार्यकर्ताओ द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया । तीनों जिलों में मजदूरों ने उन्हें अपनी कठिनाइयों से अवगत कराया जिसे उन्होंने मौके पर ही निराकरण किया ।

### राज्यपाल ने डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया



**रायपुर, 07 दिसंबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने लोकभवन में डॉ. अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के वंचित एवं कमजोर तबके के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए हमेशा शोषितों और पीड़ितों के लिए आवाज बुलंद की। वे महिला उत्थान के भी प्रबल पक्षधर थे और उन्हें सशक्त, सबल एवं शिक्षित करने पर बल दिया। डॉ. अंबेडकर की संविधान निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना सहित लोकभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी डॉ अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### मुख्यमंत्री ने श्री रामकथा पोस्टर एवं कैलेंडर का किया विमोचन



**रायपुर,07 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में प्यारे श्री राधाकृष्ण संस्कार मंच, जामुल के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने आगामी श्री रामकथा कार्यक्रम हेतु तैयार किए गए पोस्टर एवं कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया कि श्री रामकथा का आयोजन 28 दिसंबर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक दुर्ग जिले के जामुल नगर में किया जाएगा। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री श्री साय को इस पावन आयोजन में सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए प्यारे श्री राधाकृष्ण संस्कार मंच, जामुल के सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया एवं आयोजन की सफलता हेतु शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मंच के संरक्षक श्री दिलेश्वर उमरे, संयोजक श्री ईश्वर उपाध्याय, तथा श्री जागेश्वर मल सोनी, श्री उमेश निर्मलकर, श्री नेत राम साहू, श्री जितेंद्र साहू, श्री इंद्रजीत उपाध्याय, श्री वैभव उपाध्याय सहित मंच के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा

**राजनांदगांव 07 दिसंबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिले के सभी सब स्टेशनों में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता विद्युत मंडल के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है। योजना अंतर्गत जिले को आगामी दो माह में लगभग 5000 कनेक्शन का लक्ष्य दिया गया है।



# परों को खोल जमाना उड़ान देखता है... जमीं पर बैठकर क्या आसमान देखता है...

पीएम नरेंद्र मोदी ने छ्ग के राज्योत्सव, बाद में डीजीपी, आईजी कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से पूर्व सीएम, वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को तवज्जो दी उसको लेकर राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई है, कुछ लोग इसे छत्तीसगढ़ के नेतृत्व से जोड़ रहे हैं तो कुछ लोग राज्यपाल पदोन्नत करने की बात कर रहे हैं। वहीं एक वर्ग का कहना है कि मोदी जानते हैं कि कब किसे कितना महत्व देना है? उन्होंने हरियाणा के तब के सीएम मनोहर लाल खटटर को अपना मित्र बताया, साथ में मोटर सायकल में हरियाणा घूमने की याद भी की, उसी के बाद उन्हें सीएम पद से हटा भी दिया... !खैर जहाँ तक छत्तीसगढ़ की बात है तो यहां किसी गैर आदिवासी को सीएम बनाने की फिलहाल तो कोई संभावना नहीं दिख रही है, विस चुनाव के समय नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है....?

### कहां आईएएस जोगी.. कहां ओपी चौधरी...!

छत्तीसगढ़ में 2 आईएएस की राजनीति की चर्चा जरुरी है, पहले आईएएस, राज्यसभा, लोकसभा होकर छत्तीसगढ़ के पहले सीएम बनने वाले अजीत जोगी की बात करें, आईपीएस फिर





आईएएस कलेक्टर बनने वाले अजीत जोगी ने 1974 से 1986 यानि 12 साल लगातार कलेक्टर बन आजाद भारत में रिकार्ड बनाया। नौकरी छोड़कर राज्यसभा सदस्य बने, फिर लोकसभा सदस्य बने, छ्ग बनने पर पहले सीएम बने, नई राजधानी अटल नगर भी उनकी कल्पना थी, उनकी जाति सहित कुछ मामले छोड़ दें तो राज्य परिवहन निगम की समाप्ति, छ्ग विधुत मण्डल गठन, किसानों की सरकारी धान खरीदी का निर्णय उनकी कार्य प्रणाली का सबूत है।अब दूसरे आई एएस ओपी चौधरी की बात करें, वे 2005 बैच के आईए एस थे। अपने 13 साल के कार्यकाल के दौरान, उन्होंने दंतेवाड़ा और रायपुर सहित कई जिलों में कलेक्टर के रूप में कार्य किया। दंतेवाड़ा में शिक्षा के क्षेत्र में उनके काम, जैसे 'प्रयास' स्कूल की स्थापना के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।रायपुर कलेक्टर के पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के बाद विधानसभा चुनाव हारनेवाले ओपी दूसरा चुनाव जीतकर वित्तमंत्री बनने के बाद से चर्चा में है। कर्ज लेकर सरकार चलाने वाले ओपी कभी रायगढ़ में मैरिन ड्राइव बनने के नाम पर लोगों को उजाड़ने, तो कभी भाजयुमो अध्यक्ष को हटाने चर्चा में रहे तो हाल ही में शहर-ग्रामीण क्षेत्र में कलेक्टर गाइड लाईन में बड़ी वृद्धि को लेकर चर्चा में हैं, लगता है इसमें भी कुछ बदलाव हो सकता है? 70 लाख महिलाओं को 1हजार ? महीना देने, किसानों की धान खरीदी में छ्ग सरकार की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है...? सूत्रों की मानें तो आय बढ़ाने बिजली दर में वृद्धि, भूपेश सरकार की 200 यूनिट की छूट समाप्त करने के पीछे भी इनकी ही पहल थी। खैर लोगों की सोच थी कि जोगी के बाद एक और छत्तीसगढ़िया आईएएस राजनीति में कुछ नया करेगा पर इनकी कार्यप्रणाली ही चर्चा में है। खैर जोगी से तो इनकी तुलना की ही नहीं जा सकती है।

### कलेक्टर गाइड लाइन बढ़ाने का मोहन ने किया विरोध...

छ्ग में भूमि खरीदी-बिक्री के लिए कलेक्टर गाइडलाइन दरों में 100 त्न से



लेकर 800 त्न तक की भारी-भरकम बढ़ोतरी के खिलाफ राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। रायपुर के सांसद, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने इस वृद्धि को जनविरोधी, अव्या वहारिक, आर्थिक अन्याय करार देते हुए सीएम विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर इस निर्णय को तत्काल स्थगित करने की मांग की है।पत्र में सांसद अग्रवाल ने कहा कि गाइडलाइन दरों में वृद्धि बिना किसी जन-परामर्श, वास्तविक मूल्यांकन और सामाजिक - आर्थिक प्रभावों की समीक्षा के कर दी गई है। इस निर्णय ने किसानों, छोटे व्यापारियों, कुटीर-उद्यमियों, मध्यम वर्ग, रियल एस्टेट सेक्टर सहित निवेशकों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा यह निर्णय छ्ग की आर्थिक रीढ़ पर सीधा आघात हुआ है।सांसद ने अपने पत्र में लाभांडी और निमोरा जैसे गांवों का उदाहरण देते हुए बताया कि गाइडलाइन दरों में 725त्न से 888त्न तक वृद्धि कर दी गई है, जबकि इन क्षेत्रों में नगरीय सुविधाओं का विस्तार नहीं हुआ है और न ही वास्तविक बाजार मूल्य इतने अधिक हैं। उन्होंने नवा रायपुर के पास के ग्रामीण क्षेत्रों को अचानक नगरीय क्षेत्र घोषित करने पर भी सवाल उठाए। सांसद ने कहा किबिना आधारभूत सुविधाएं विकसित किए नगरीय क्षेत्र घोषित करना उचित नहीं है और इसका प्रतिकूल प्रभाव सीधे जनता




पर पड़ेगा।

### बस्तर में नक्सलवाद अब 2 नामों तक सिमटा...

बस्तर, माओवादियों का अभेद्य गढ़ माना जाता था, अब इतिहास के सबसे बड़े मोड़ से गुजर रहा है। केंद्र सरकार की समग्र उन्मूलन नीति, गृह मंत्री अमित शाह की मार्च 2026 तक 'माओ वादी हिंसकों की समाप्ति' की रणनीति ने परिणाम दिखाया है, जिसकी कल्पना 5 साल पहले नहीं की जा सकती थी। बस्तर में माओवादी संगठन का मुख्य नेतृत्व अब केवल दो नामों तक सिमट गया है इनके साथ अधिकतम 130- 150 हथियारबंद सदस्य ही सक्रिय माने जा रहे हैं।बस्तर आइजी सुंदरराज के अनुसार, माओवादी संगठन का मुख्य नेतृत्व अब बारसे देवा, पश्चिम बस्तर डिविजन सचिव पापा राव तक सीमित रह गया है। साथ130-150 हथियारबंद सदस्य ही सक्रिय माने जा रहे हैं। टेकुलगुड़ेम में 3 अप्रैल 2021 को हिड़मा के हिंसक दल द्वारा किए भीषण हमले में 21 जवान बलिदान हो गए थे। यह घटना बस्तर में माओ वादी ढांचे के पतन की शुरु आत बनी। इसी के बाद गृह मंत्री अमित शाह बस्तर पहुंचे और माओवादी हिंसा उन्मूलन का दृढ़ संकल्प लिया, पहले लक्ष्य तिथि 30 मार्च



2023 तय था, बाद में 30 मार्च 20 26 तक बढ़ाया गया। तब माना जा रहा था कि बस्तर से माओवाद का सफाया लगभग असंभव है। शाह की रणनीति और सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाई ने इसे संभव कर दिया है।माओवादियों के लिए 2025 सबसे भारी साबित हुआ है। यह वर्ष अभी खत्म भी नहीं हुआ है, 11 महीनों में सुरक्षा बलों ने माओवादी नेट वर्क की रीढ़ पूरी तरह तोड़ दी है। शुरुआत गरियाबंद जिले में शीर्ष हिंसक चलपति के मुठभेड़ में मारे जाने से हुई।बाद में हिडमा सहित कई बड़े नक्सली लीडर मारे गये, कुछ बड़े नक्सली लीडरों ने आत्म समर्पण कर दिया है।

### मैत्री बाग में मादा सफेद बाघिन की मौत...



भिलाई मैत्रीबाग चिड़िया घर में एक सफेद बाघिन की मौत हो गई। चिड़ियाघर के सूत्रों ने बताया कि 12 वर्षीय मादा सफेद बाघिन'जया' ने भिलाई स्थित मैत्री बाग में दम तोड़ दिया। सुबह अचानक 'जया' की हालत बिगड़ गई और बाद में उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि चिकित्सकों, विशेषज्ञों के दल ने बाघिन के शव का पोस्ट मार्टम किया, बाद में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।शुरुआती जांच से बाघिन की मौत पेट संबंधी परेशानी की वजह से हुई हालांकि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद इस संबंध में अधिक जान कारी मिली सकेगी। चिड़िया घर में अब 3 सफेद बाघ और 2 सफेद बाघिन हैं। लगभग 13 सफेद बाघ (कुछ सफेद बाघिनों सहित) को दूसरे चिड़ियाघरों में भेज दिया गया है।

### और अब बस......

- » केंद्र सरकार के निर्देश पर छ्ग राज्यपाल सचिवालय ने राजभवन का नया नाम 'लोक भवन' कर दिया है। आदेश जारी होते ही परिसर में लगी पुरानी नाम पट्टिका उतार दी गई और उसकी जगह नया बोर्ड लगा दिया गया।
- » दुर्ग-भिलाई में बंधन बैंक सुपेला में खाता खोल उनका उपयोग साइबर ठगी में किए जाने वाले खाताधारकों के खिलाफसुपेला पुलिस, एसी सीयू यूनिट ने संयुक्त कार्रवाई की है। 27 आरोपितों द्वारा बंधन बैंक में म्यूल अकाउंट खुलवाकर साइबर फ्रॉड से प्राप्त एक करोड़ बीस लाख से अधिक रकम का अवैध लेन देन किया गया।


## एक नजर

### इन्फ्लुएंसर कम्युनिटी के साथ उन्नति एप लॉन्च

**रायपुर, 7 दिसम्बर।** युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटेरियल कंपनी, ने न्युवोको ज़ीरो एम उन्नति ऐप को लॉन्च किया है। यह ऐप खास तौर पर इन्फ्लुएंसर कम्युनिटी के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें कॉन्ट्रैक्टर, वॉटरप्रूफिंग एप्लीकेटर, टाइल एप्लीकेटर, राजमिस्त्री और पेंटर शामिल हैं, जो प्रोडक्ट को अपनाने और कस्टमर एक्सपीरियंस को बढ़ाकर कंपनी की ग्रोथ में अहम भूमिका निभाते हैं। डीलर, रिटेलर और डिस्ट्रीब्यूटर भी अपने-अपने प्रोफाइल के जरिए इस ऐप को एक्सेस कर सकते हैं। यह ऐप एक पूरा डिजिटल एक्सपीरियंस देता है, जिसमें आसानी से रिवॉर्ड रिडीम करना, रिवॉर्ड पॉइंट, इंसेंटिव और परफॉर्मेंस की रियल-टाइम ट्रैकिंग शामिल है। यह प्रोडक्ट की पूरी जानकारी और ऑफर, प्रोग्राम और नए प्रोडक्ट लॉन्च पर तुरंत अपडेट के साथ-साथ डायरेक्ट हेल्पलाइन और कॉल-सेंटर सपोर्ट भी देता है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि इन्फ्लुएंसर हमारी सफलता का एक अहम हिस्सा हैं और यह प्लेटफॉर्म उन्हें नॉलेज, ट्रांसपेरेंसी और रियल-टाइम सपोर्ट देकर मजबूत बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### एआई+ ने लॉन्च किया नया लैपटॉप

**रायपुर, 7 दिसम्बर।** भारत में सबसे तेज़ी से बढ़ते टेक्नोलॉजी ब्रांड एआई+ ने आज एआई+ लैपटैब लॉन्च किया — एक नई श्रेणी का स्मार्ट डिवाइस, जो लैपटॉप की उत्पादकता और टैबलेट की पोर्टेबिलिटी को एक साथ जोड़ता है। भारत के हाइब्रिड जेनरेशन—सीखने वालों, क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स—की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह लैपटैब तीन साइज़ में उपलब्ध होगा: 11, 12 और 13, तथा इसके साथ कीबोर्ड और स्टायलस सपोर्ट भी मिलेगा। यह 2026 के पहले क्वॉटर से फ्लिपकार्ट और एआई+ के रिटेल पार्टनर्स के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध होगा। यह लॉन्च एआई+ के दूसरे बड़े हार्डवेयर एक्सपेंशन को दर्शाता है, इससे पहले एआई+ स्मार्टफोन ने छह महीनों में 1 मिलियन यूज़र्स का आंकड़ा पार कर मार्केट में अपनी मज़बूत पहचान बनाई थी। इसके साथ ही एआई+ ने भारत के स्वदेशी टेक इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया है। एआई+ लैपटैब का मुख्य सिद्धांत है—एक ही डिवाइस सब कुछ कर सके। वर्चुअल क्लासेस अटेंड करने से लेकर प्रेज़ेंटेशन एडिट करने तक, शोज़ देखने से लेकर चलते-फिरते आइडिया नोट करने तक—यूज़र अब बिना डिवाइस बदले काम और मनोरंजन के बीच आसानी से स्विच कर सकेंगे।




**रायपुर, 7 दिसम्बर। गोविंद कला केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्ची ने मनमोहक नृत्य पेश किया।**

## राष्ट्र की सुरक्षा में तैनात हमारे सैन्य जवानों का योगदान अतुलनीय : साय



**■ सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर मुख्यमंत्री ने सैनिकों एवं शहीद परिवारों के कल्याण के लिए किया अंशदान**

**रायपुर 7 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री साय को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के प्रतीक स्वरूप सम्मान बैज लगाया तथा संचालनालय सैनिक कल्याण द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे वीर सैनिकों और उनके परिवारों के त्याग, साहस और राष्ट्रसमर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। देश की सुरक्षा में निरंतर तैनात हमारे जवानों का योगदान अतुलनीय है।

उन्होंने आगे कहा कि इस दिवस का संदेश है कि राष्ट्र की रक्षा में लगे हमारे जवानों और शहीद परिवारों के प्रति हम सभी अपनी जिम्मेदारी समझें और उनके कल्याण हेतु सहयोग की भावना से आगे आएं। मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण हेतु अपनी ओर से अंशदान भी प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते तथा पद्मश्री उषा बारले भी उपस्थित थीं।

**प्रवेश द्वार**




**रायपुर, 7 दिसम्बर। पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय का नया भव्य प्रवेश द्वार बनकर तैयार हो गया है।**

**PICTURE-स्टोरी**



**रायपुर, 7 दिसम्बर।** ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उरला मंडी में ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में आज किसान विरोधी भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। पंकज शर्मा, विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, शहर अध्यक्ष कुमार मेनन, शिव सिंग ठाकुर, विनोद कश्यप, दीपेश सिंह, योगेंद्र सोलंकी, डीगेंद्र, सिन्हा, कृपा राम निषाद, बाबा खान, लखन साहू, आदि उपस्थित रहे।

## कड़ाके की ठंड में बप्पी दा के गीतों ने दर्शकों को गरमा दिया

**रायपुर, 7 दिसम्बर।** मुक्ताकाशी मंच में संगीतकार बप्पी लहरी की स्मृति में स्वर सप्तक संस्था ने सुरमयी संगीत का आयोजन किया। ठंड में दर्शक की बड़ी संख्या में संगीतकार बप्पी लहरी के स्वरबद्ध गीतों को सुनने जमे रहे। कार्यक्रम के शुरुआत मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव अध्यक्ष-छ.ग. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम थे। बप्पी लहरी सम्मान से संगीतकार बाबला बागची, में लाहोटी मित्र मंडल के लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं धुन फॉउंडेशन के अजय आडवानी का सम्मान किया गया। बिलासपुर से वंदिता साहू, राजनांदगावं से वैष्णवी रंगारी के साथ शहर के नवोदित एवं प्रतिभाशाली गायकों ने एक से बढ़कर एक गीतों को प्रस्तुत किया। दिनेश वर्मा ने चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना, ओम प्रकाश ने साथी रे गम नहीं करना, रोली साहू ने कोई यहां अहा नाचे-नाचे, भूमि सागर ने जिमी-जिमी आजा आजा, आदित्य कर्मोकर ने याद आ रहा है तेरा प्यार सहित सभी गायकों ने 24 गानों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सभी गायक एवं वादक कलाकारों को मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। स्वर सप्तक संस्था के संयोजक उदय दास ने जानकारी दी।




### 500 करोड़ के डीएमएफ घोटाले की सीबीआई करेगी जांच

**रायपुर, 7 दिसम्बर।** प्रदेश में करीब 500 करोड़ रुपये के डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन घोटाले की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो करेगी। खनिज विभाग के निदेशक रजत बंसल ने बिलासपुर संभाग आयुक्त को विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार करने और सभी संदिग्ध परियोजनाओं की जांच के निर्देश जारी किए हैं। यह कार्रवाई पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर द्वारा पीएमओ और सीबीआइ में की गई शिकायतों के बाद तेज हुई है। निदेशक रजत बंसल ने 12 नवंबर को संभाग आयुक्त को भेजे पत्र में बताया कि डीएमएफमद में व्यापक प्रक्रियागत उल्लंघन, मनमाने अनुमोदन, प्राथमिकताओं की अनदेखी और संभावित वित्तीय गड़बड़ियों की जांच की जाए। शिकायतों के अनुसार डीएमएफका मूल उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, आजीविका संवर्धन और खनन प्रभावित क्षेत्रों का विकास से हटकर करोड़ों की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 28 दिसंबर को

**रायपुर, 7 दिसम्बर।** निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी 28 दिसंबर को सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तुलसी भवन संजय नगर में आयोजित है उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने दी। डॉ सुरेश शुक्ला ने बताया कि आयोजित स्वास्थ्य शिविर में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे, नेत्र चिकित्सा हेतु छत्तीसगढ़ अंचल के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद सक्सेना, दंत रोग चिकित्सा हेतु डॉक्टर आभास शुक्ला, ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर तिवारी, फिजियोथैरेपी हेतु डॉ विकास द्विवेदी, होम्योपैथिक चिकित्सा हेतु डॉ इतिशा मिश्रा, आयुर्वेदिक चिकित्सा हेतु संजय शुक्ला अधीक्षक आर्युवेदिक चिकित्सालय, स्त्री रोग विशेषज्ञ हेतु डॉ मिश्रा, पैथोलॉजिस्ट के लिए डॉक्टर अजीत तिवारी एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे. उक्त स्वास्थ्य शिविर पूर्णतः निशुल्क होगा इसमें नेत्रों का परीक्षण कर चश्मा वितरण एवं आयुर्वेदिक दवाइयां का वितरण भी निशुल्क होगा साथ ही पैथोलॉजी जांच भी निशुल्क होगी.

इस अवसर पर श्रीमती मीनल चौबे महापौर नगर निगम द्वारा भवन के प्रांगण में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य पूर्ण होने पर उनके द्वारा इसका लोकार्पण भी किया जाएगा, माननीय सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री, पुरंदर मिश्रा विधायक, सुनील सोनी विधायक, राजे महंत डॉ रामसुंदर दास पूर्व विधायक तथा क्षेत्रीय जोन अध्यक्ष बद्री गुप्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिक विशेष अतिथि के बतौर पर आमंत्रित हैं। आज सरयुपारीन समाज की विशेष बैठक में अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला जी, राम मूरत तिवारी, आर एल द्विवेदी मित्रेश दुबे, राजेन्द्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, वी के मिश्रा, उमाकान्त तिवारी, के एन तिवारी, संगम लाल त्रिपाठी, राम हृदय तिवारी, बैजनाथ मिश्रा संजय मिश्रा, नागेन्द्र तिवारी, भागवत तिवारी शिवम त्रिपाठी, अंकुश शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से कुंभकार समाज के प्रतिनिधिमंडल की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर, 7 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री साय को आगामी जनवरी 2025 में रायपुर जिले के ग्राम नवागांव (कोलियारी) में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने आमंत्रण के लिए समाज के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद किया तथा आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि कुंभकार समाज की



पारंपरिक कला, श्रमशीलता और सांस्कृतिक योगदान छत्तीसगढ़ की सामाजिक संरचना को समृद्ध बनाते हैं। राज्य सरकार सभी समाजों के विकास और सहभागिता के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26